मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 8 अंक 208
बुधवार, 11 फरवरी 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## भारत-ब्रिटेन के बीच बड़ा समझौताः अब विदेश में काम करने पर नहीं देना होगा डबल सोशल सिक्योरिटी टैक्स



**नई दिल्ली, 10 फरवरी।** भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा एक अहम और दूरगामी असर वाला समझौता नई दिल्ली में संपन्न हो गया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस एग्रीमेंट से दोनों देशों में अस्थायी तौर पर काम करने वाले कर्मचारियों और कंपनियों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि अब उन्हें दो देशों में सोशल सिक्योरिटी योगदान नहीं देना पड़ेगा।

इस समझौते पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री और भारत में ब्रिटेन की हाई कमिश्नर लिंडी कैमरून ने हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इसकी आधिकारिक जानकारी साझा की। यह समझौता कर्मचारियों की अंतरराष्ट्रीय तैनाती को आसान बनाएगा और भारत-ब्रिटेन के आर्थिक सहयोग को नई गति देगा।

नए सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट के तहत यदि कोई कर्मचारी या कंपनी अधिकतम 36 महीनों तक अस्थायी असाइनमेंट पर दूसरे देश में काम करती है, तो उसे सिर्फ अपने मूल देश में ही सोशल सिक्योरिटी योगदान देना होगा। इससे डबल पेमेंट की समस्या खत्म हो जाएगी।

इसके अलावा, इस फैसले से स्किल्ड प्रोफेशनल्स, एक्सपैट्स और मल्टीनेशनल कंपनियों की आवाजाही आसान होगी। एम्प्लॉयर्स पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ कम होगा, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और जॉब क्रिएशन को बढ़ावा मिलेगा। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह समझौता Compre hensive Economic and Trade Agreement (CETA) के साथ प्रभाव में आएगा। CETA को वर्ष 2025 में अंतिम रूप दिया गया था और इसके 2026 की पहली छमाही में लागू होने की संभावना है। इसके बाद भारत और ब्रिटेन के बीच वर्कफोर्स मूवमेंट और ज्यादा सहज हो जाएगा।

इस समझौते को लेकर जनवरी 2026 में नई दिल्ली में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच अहम बातचीत हुई थी। भारतीय पक्ष से विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव पी.एस. गंगाधर और ब्रिटेन की ओर से नेशनल इंश्योरेंस पॉलिसी के डिप्टी डायरेक्टर एडमंड हेयर इसमें शामिल थे।

बातचीत का मुख्य मुद्दा डबल सोशल सिक्योरिटी योगदान से जुड़ी जटिलताओं को खत्म करना था। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह समझौता माइग्रेंट वर्कर्स और प्रोफेशनल्स पर नियमों के बोझ को कम करेगा और दोनों देशों के मजबूत आर्थिक रिश्तों को और गहराई देगा।

इस एग्रीमेंट से आईटी, फाइनेंस, इंजीनियरिंग, कंसल्टिंग और सर्विस सेक्टर को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है, जहां भारतीय और ब्रिटिश कंपनियां एक-दूसरे के देशों में बड़े पैमाने पर काम कर रही हैं। इससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल बढ़ेगा और नए रोजगार अवसर पैदा होंगे।

## नेपालः नदी में गिरी यात्रियों से भरी बस, 12 लोगों की मौत व कई घायल



**नेपाल, 10 फरवरी।** मध्य नेपाल में मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जब एक यात्री बस सड़क से फिसलकर तमाकोशी नदी में जा गिरी। यह दुर्घटना रामेछाप जिले के माचनटार क्षेत्र में हुई। रामेछाप जिला पुलिस कार्यालय के प्रमुख, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (डीएसपी) भोला कुमार भट्ट ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। उन्होंने कहा, ह्लइस दुर्घटना में 12 लोगों की जान चली गई है। आठ लोग घायल हुए हैं, जिनमें से सात को गंभीर हालत में काठमांडू भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार, बस चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया, जिसके बाद बस करीब 100 मीटर गहरी खाई में गिरते हुए नदी में जा समाई। यह बस काठमांडू से ओखलढुंगा जिले के पोकाली जा रही थी। रामेछाप जिला प्रशासन कार्यालय ने बताया कि हादसे के बाद मौके से छह शव बरामद किए गए, जबकि छह अन्य यात्रियों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि बस में सवार यात्रियों की सटीक संख्या की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है, लेकिन अनुमान है कि करीब दो दर्जन लोग बस में मौजूद थे। दुर्घटना के बाद स्थानीय पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल और आपदा प्रबंधन प्रभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से राहत और बचाव अभियान चलाया।

नेपाल में हाल के वर्षों में वाहनों की संख्या बढ़ने और सड़क संपर्क बेहतर होने के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, एक दशक पहले जहां 4,999 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज हुई थीं, वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 7,669 हो गई। इस दौरान 190 लोगों की मौत हुई, जिनमें 278 दुर्घटनाएं गंभीर श्रेणी में दर्ज की गईं। विश्व बैंक की 2020 की एक रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाला आर्थिक नुकसान 2007 के मुकाबले तीन गुना बढ़ चुका है और यह देश के सकल राष्ट्रीय उत्पाद का लगभग 1.5 प्रतिशत है। सड़क हादसों का सबसे अधिक और असमान असर गरीब वर्ग पर पड़ता है।

## चुनाव से पहले ममता बनर्जी का बड़ा ऐलान- बेरोजगारों को 1500 और किसानों को दिए जाएंगे 4000



**कोलकता, 10 फरवरी।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले उट ममता बनर्जी ने अपनी कमर कस ली है। ममता बनर्जी ने बंगाल के लोगों के लिए बड़ा ऐलान किया है। ममता ने कहा है कि बंगाल में 10वीं पास बेरोजगार युवकों को 1500 रुपए और किसानों को 4000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार अब सीधे बैंक खातों में पैसा भेजेगी।

ममता बनर्जी ने ऐलान किया है कि अब 1 कट्ठा जमीन रखने वाले छोटे किसानों को भी प्रति वर्ष 4000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही, खेती के लिए इस्तेमाल होने वाली बिजली को पूरी तरह मुफ्त करने का निर्णय लिया गया है। दूसरी ओर युवाओं के लिए 'युवा साथी' योजना के तहत 10वीं पास बेरोजगारों को हर महीने 1500 रुपये का भत्ता दिया जाएगा। खास बात यह है कि यह लाभ अगस्त के बजाय अप्रैल महीने से ही लागू कर दिया जाएगा। इन योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार 15 से 26 फरवरी तक पूरे बंगाल में विशेष कैंप आयोजित करेगी। कृषि, सिंचाई, बिजली और युवा कल्याण विभाग के ये कैंप सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक काम करेंगे, ताकि पात्र लोग अपना पंजीकरण करा सकें।

## स्पीकर ओम बिरला का बड़ा फैसलाःअविश्वास प्रस्ताव पर फैसले तक स्पीकर की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे



**नई दिल्ली, 10 फरवरी।** नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान राजनीतिक माहौल अचानक गरमा गया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष की ओर से पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव के बाद एक असाधारण फैसला लेते हुए ऐलान किया है कि जब तक इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, वे स्पीकर की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे।

हालांकि संसदीय नियमों में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन ओम बिरला ने स्वयं सदन की अध्यक्षता से दूरी बनाए रखने का निर्णय लिया है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार और विपक्ष–दोनों पक्षों की ओर से उन्हें मनाने की कोशिशें हुईं, लेकिन स्पीकर अपने फैसले पर कायम हैं।

संसदीय सूत्रों का कहना है कि बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन, यानी 9 मार्च को लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा संभव है। इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए कम से कम 50 लोकसभा सांसदों का समर्थन आवश्यक होगा। इसके बाद सदन में हाथ उठाकर मतदान कराया जा सकता है और फिर अध्यक्षीय पीठ बहस की अनुमति दे सकती है।

जानकारी के अनुसार, ओम बिरला ने मंगलवार को लोकसभा के सेक्रेटरी-जनरल को निर्देश दिया कि उनके खिलाफ पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव की संसदीय नियमों के तहत जांच की जाए और आवश्यक कार्रवाई की जाए। यह कदम विपक्ष की ओर से नोटिस दिए जाने के बाद उठाया गया है।

कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ औपचारिक रूप से नो-कॉन्फिडेंस मोशन का नोटिस दाखिल किया है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बताया कि यह नोटिस दोपहर 1:14 बजे रूल 94उ के तहत प्रस्तुत किया गया। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, इस नोटिस पर 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं, जिसे विपक्ष की एकजुटता के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। विपक्षी दलों ने स्पीकर ओम बिरला पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सदन में विपक्षी सांसदों को बार-बार बोलने से रोका जा रहा है। अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में चार प्रमुख घटनाओं का हवाला दिया गया है, जिनमें स्पीकर के फैसलों पर सवाल खड़े किए गए हैं। विपक्ष का एक बड़ा आरोप यह भी है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान अपनी बात रखने का अवसर नहीं दिया गया। राहुल गांधी भारत-चीन सीमा विवाद (2020) पर चर्चा करना चाहते थे और उन्होंने सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक का उल्लेख किया था, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। विपक्ष ने 8 सांसदों के निलंबन का मुद्दा भी उठाया है। साथ ही, बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे द्वारा पूर्व प्रधानमंत्रियों पर किए गए कथित व्यक्तिगत और आपत्तिजनक हमलों पर स्पीकर की चुप्पी को लेकर सवाल किए गए हैं।

## नेपाल चुनाव के लिए भारत ने भेजे वाहन और तकनीकी मदद



**नेपाल, 10 फरवरी।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने मार्च में प्रस्तावित संसदीय चुनावों के लिए भारत द्वारा दी जा रही तकनीकी और सामग्री सहायता के लिए भारत सरकार का आभार जताया है। प्रधानमंत्री कार्की ने सिंहदरबार में भारत के नेपाल में राजदूत नवीन श्रीवास्तव से मुलाकात की। प्रधानमंत्री सचिवालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने विशेष परिस्थितियों में चुनावों के सुचारु संचालन के लिए भारत द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न संसाधनों, जिनमें वाहन भी शामिल हैं, के लिए पड़ोसी और मित्र देश भारत को धन्यवाद दिया।

बैठक के दौरान भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के लोकतांत्रिक सफर के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि एक मित्र पड़ोसी के रूप में नेपाल की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समर्थन देना भारत का दायित्व है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि चुनावों के बाद नेपाल में संवैधानिक और लोकतांत्रिक स्थिरता भारत के लिए भी महत्वपूर्ण होगी। इस बीच, नेपाल निर्वाचन आयोग ने आगामी संसदीय चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार से दूरदराज और पहाड़ी जिलों में बैलेट बॉक्स भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। काठमांडू स्थित निर्वाचन आयोग मुख्यालय में बैलेट बॉक्स की गिनती, पैकिंग और डिस्पैच का काम जारी है।

## दिल्ली में फिर मौत का नालाः रोहिणी में खुले नाले में गिरा युवक, रेस्क्यू के बाद भी नहीं बची जान

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में नागरिक सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर लापरवाही सामने आई है। मंगलवार शाम रोहिणी सेक्टर-32 में महाशक्ति काली मंदिर के पास एक युवक खुले नाले में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना बेगमपुर थाना क्षेत्र में शाम करीब 7:45 बजे हुई, जब अंधेरे और तेज बहाव वाले नाले ने युवक की जान ले ली। स्थानीय लोगों ने युवक को नाले में गिरते देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर बेगमपुर पुलिस और दिल्ली फायर सर्विस की टीमें पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। गंदे पानी, तेज धार और कचरे से भरे नाले में फायर ब्रिगेड ने घंटों तक सर्च अभियान चलाया।

DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 982051985
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37
* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकिस्ता उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकिस्ता सुविधा उपलब्ध





## लोकसभा-अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वासः लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा



-ललित गर्ग

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी लोकतंत्र के लिये एक चिन्ताजनक घटना है। क्योंकि लोकतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, असहमति के सम्मान और संस्थागत विश्वास पर टिकी हुई एक जीवंत परंपरा है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में संसद इस लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहाँ न केवल नीतियाँ बनती हैं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा बोलती है। ऐसे में जब लोकसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की खबरें सामने आती हैं, तो यह घटना किसी एक व्यक्ति या दल तक सीमित न रहकर पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर देती है। विपक्षी दलों द्वारा यह आरोप लगाया जाना कि उन्हें, विशेषकर नेता प्रतिपक्ष को, सदन में बोलने का समुचित अवसर नहीं मिल रहा, और इसी आधार पर अध्यक्ष की निष्पक्षता पर सवाल उठाना, एक गहरी चिंता का विषय है। यह चिंता इसलिए भी अधिक गंभीर हो जाती है क्योंकि अध्यक्ष का पद



परंपरागत रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन का प्रतीक माना जाता रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका केवल कार्यवाही संचालित करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सदन की गरिमा, लोकतांत्रिक मर्यादाओं और सभी पक्षों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की संवैधानिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। यदि विपक्ष का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करने लगे कि अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण है या उनकी आवाज को व्यवस्थित रूप से दबाया जा रहा है, तो यह केवल राजनीतिक असंतोष नहीं, बल्कि संस्थागत अविश्वास का संकेत होता है। 100 से अधिक सांसदों द्वारा हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी यह दर्शाती है कि मामला क्षणिक आक्रोश का नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रही असहमति और संवादहीनता का परिणाम है। लोकसभा अध्यक्ष सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनके प्रति विश्वास जरूरी होता है और उनसे भी निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि संख्या बल के आधार पर इस तरह का प्रस्ताव पारित होना कठिन है, लेकिन लोकतंत्र में कई बार प्रतीकात्मक कदम भी गहरे संदेश देते हैं।

विपक्षी दलों द्वारा यह स्पष्ट करना कि वे टकराव के साथ-साथ सुलह का विकल्प भी खुला रखे हुए हैं, और इसी क्रम में विभिन्न वरिष्ठ नेताओं का अध्यक्ष से मुलाकात कर संवाद का प्रयास करना, इस बात का संकेत है कि अभी भी समाधान की गुंजाइश समाप्त नहीं हुई है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर संसद जैसे सर्वोच्च मंच पर संवाद की जगह हंगामा, नारेबाजी और गतिरोध क्यों हावी होता जा रहा है। क्या यह केवल सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच अविश्वास का परिणाम है, या फिर संसदीय परंपराओं के क्षरण का संकेत? विगत वर्षों में बार-बार यह देखने को मिला है कि महत्वपूर्ण विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गंभीर चर्चा के बजाय सदन की कार्यवाही बाधित होती रही है। इससे न केवल विधायी कामकाज प्रभावित होता है, बल्कि जनता के बीच यह संदेश भी जाता है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि अपने दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं हैं।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि वह असहमति को स्थान देता है। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सरकार को जवाबदेह ठहराना और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना भी है। इसके लिए सदन में बोलने का अवसर, प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता और आलोचना का सम्मान अनिवार्य है। यदि विपक्ष यह महसूस करता है कि उसके लिए ये रास्ते संकुचित किए जा रहे हैं, तो उसका आक्रोश सड़कों या नारेबाजी के रूप में फूट पड़ता है, जो अंततः संसद की गरिमा को ही नुकसान पहुँचाता है। दूसरी ओर, विपक्ष द्वारा बार-बार सदन की कार्यवाही बाधित करना भी उतना ही गंभीर दोष है, क्योंकि इससे संसद की प्रक्रिया ठप होती है और जनता के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। इस दोतरफा अविश्वास और आक्रामकता के बीच लोकतंत्र का मूल उद्देश्य कहीं खोता हुआ दिखता है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में यदि संसद बार-बार हंगामे, निलंबन और गतिरोध की खबरों में रहे, तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की लोकतांत्रिक छवि को प्रभावित करता है। विकास, नीति और जनकल्याण की चर्चा के स्थान पर यदि टकराव और अविश्वास केंद्र में आ जाए, तो यह भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती केवल मजबूत सरकार से नहीं, बल्कि मजबूत विपक्ष और निष्पक्ष संस्थाओं से भी आती है। लोकसभा अध्यक्ष जैसे पद से अपेक्षा की जाती है कि वह न केवल नियमों का पालन कराए, बल्कि विश्वास का सेतु भी बने। वहीं विपक्ष से भी यह अपेक्षा है कि वह विरोध को रचनात्मक बनाए, न कि अवरोध का माध्यम।

आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद को फिर से संवाद का मंच बनाया जाए, जहाँ तीखी असहमति भी मर्यादा में व्यक्त हो और सत्ता व विपक्ष दोनों ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएँ। अविश्वास प्रस्ताव जैसे कदम यदि चेतावनी के रूप में लिए जा रहे हैं, तो उन्हें आत्ममंथन का अवसर भी बनना चाहिए। प्रश्न यह नहीं है कि कौन सही है और कौन गलत, बल्कि यह है कि लोकतंत्र की संस्था को कैसे स्वस्थ, विश्वसनीय और प्रभावी बनाया जाए। जनता ने सांसदों को नारे लगाने या कार्यवाही बाधित करने के लिए नहीं, बल्कि देश के भविष्य पर गंभीर विमर्श के लिए चुना है। यदि संसद इस अपेक्षा पर खरी नहीं उतरती, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है।

यह भी तथ्य है कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में श्री ओम बिरला का संसदीय संचालन अब तक सामान्यतः अनुशासित, कार्यकुशल और नियमसम्मत माना जाता रहा है। उनके कार्यकाल में लोकसभा की कार्यवाही को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने, विधायी कार्यों को प्राथमिकता देने और विभिन्न दलों को साथ लेकर चलने का प्रयास स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अनेक अवसरों पर उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है तथा संसदीय परंपराओं और नियमों के पालन पर बल दिया है। उनकी छवि एक ऐसे अध्यक्ष की रही है जो सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए होशियारी, धैर्य और व्यावहारिक समझ का प्रयोग करते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संसदीय मर्यादाओं का आग्रह और संवाद के लिए दरवाजे खुले रखने की प्रवृत्ति को देखते हुए उनके जैसे लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की स्थिति अपने आप में एक त्रासद और चिंताजनक घटना प्रतीत होती है। यह घटना व्यक्ति विशेष से अधिक उस माहौल की ओर संकेत करती है, जहाँ अविश्वास इतना गहरा हो चुका है कि संवाद और विश्वास के पुल कमजोर पड़ते जा रहे हैं।

अंततः यह समय आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर जिम्मेदारी स्वीकार करने का है। सत्तापक्ष को यह समझना होगा कि मजबूत विपक्ष लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी ताकत है। विपक्ष को यह स्वीकार करना होगा कि विरोध की भी एक मर्यादा और रचनात्मकता होती है। और अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पदों को यह स्मरण रखना होगा कि उनकी निष्पक्षता केवल नियमों के पालन से नहीं, बल्कि व्यवहार और अवसर की समानता से भी सिद्ध होती है। यदि संसद को संवाद का मंच बनाए रखने में हम विफल रहते हैं, तो यह केवल एक सत्र या एक सरकार की विफलता नहीं होगी, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति हमारी सामूहिक असफलता मानी जाएगी। यही वह बिंदु है जहाँ हर नागरिक, हर जनप्रतिनिधि और हर संस्था को आत्ममंथन करना होगा, ताकि विकास की राह में विनाश की संभावनाएँ नहीं, बल्कि संवाद, विश्वास और लोकतांत्रिक परिपक्वता का मार्ग प्रशस्त हो सके।

## महाशिवरात्रि : शिवत्व का जागरण, राजयोग से समृद्धि व मोक्ष का



-सुरेश गांधी

फिरहाल, सनातन संस्कृति में कुछ पर्व केवल परंपरा नहीं होते, बल्कि जीवन दर्शन और आध्यात्मिक जागरण का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। महाशिवरात्रि ऐसा ही एक महापर्व है, जो आत्मशुद्धि, तपस्या, साधना और परमात्मा से आत्मा के मिलन का प्रतीक माना जाता है। 15 फरवरी को मनाई जाने वाली महाशिवरात्रि अनेक दृष्टियों से विशेष महत्व रखती है। इस बार जहां एक ओर ज्योतिषीय दृष्टि से लक्ष्मी-नारायण राजयोग और सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे दुर्लभ संयोग बन रहे हैं, वहीं दूसरी ओर यह पर्व सनातन दर्शन के मूल सिद्धांतकृअहंकार त्याग, समता और आत्मबोधकृका भी स्मरण कराता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व अत्यंत शुभ योगों में मनाया जाएगा।

15 फरवरी को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजकर 48 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। यह योग जीवन के सभी कार्यों में सफलता और उन्नति का संकेत देता है। इसी अवधि तक उत्तराषाढा नक्षत्र का प्रभाव रहेगा, जो स्थायित्व, सफलता और प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है। इसके पश्चात श्रवण नक्षत्र प्रारंभ होगा, जो 16 फरवरी की सुबह 8 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। श्रवण नक्षत्र को ज्ञान, साधना और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक माना जाता है। इस दिन व्यतीपात योग पूरे दिन विद्यमान रहेगा, जो आध्यात्मिक साधना और मंत्र जाप के लिए अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है। निशिता कालकृजो महाशिवरात्रि पूजा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय माना जाता है, रात 11 बजकर 52 मिनट से 12 बजकर 42 मिनट तक रहेगा। इसके अतिरिक्त दोपहर 12 बजकर 13 मिनट से 12 बजकर 57 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त और दोपहर 12 बजकर 59 मिनट से 2 बजकर 41 मिनट तक अमृतकाल रहेगा, जो पूजा और शुभ कार्यों के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है।

इस बार महाशिवरात्रि पर कुंभ राशि में शुक्र और बुध की युति से लक्ष्मी-नारायण राजयोग बन रहा है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार यह योग आर्थिक समृद्धि और जीवन में स्थायित्व का संकेत देता है। मिथुन राशि के जातकों के लिए यह समय नए आय स्रोतों और व्यापारिक सफलता का संकेत देता है। वृश्चिक राशि वालों के लिए आर्थिक मजबूती और करियर में उन्नति के योग बन रहे हैं। मकर राशि के जातकों को पुराने निवेश से लाभ और आर्थिक दबावों से राहत मिलने की संभावना है। कुंभ राशि के लिए यह योग विशेष रूप से शुभ माना जा रहा है, जिसमें अचानक धन लाभ और लक्ष्यों की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं।

महाशिवरात्रि केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का आध्यात्मिक अभियान है। अन्य पर्व जहां सामाजिक मेल-मिलाप का अवसर प्रदान करते हैं, वहीं महाशिवरात्रि आत्ममंथन और ईश्वर से आत्मिक मिलन का संदेश देती है। सनातन परंपरा में यह पर्व अहंकार त्यागकर शिवतत्त्व में समर्पण का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व सिखाता है कि मानव के भीतर असीम शक्ति, शांति और आनंद विद्यमान है। जब मनुष्य शिवतत्त्व का चिंतन करता है, तब वह अपने भीतर छिपी दिव्यता का अनुभव कर सकता है। भगवान शिव को योगेश्वर कहा जाता है। उनकी दिव्यता का सबसे बड़ा संदेश समता है। शिव के परिवार में बैल और सिंह, सर्प और चूहा जैसे जन्मजात शत्रु भी बिना वैरभाव के साथ रहते हैं। यह संदेश मानव समाज को बताता है कि वैरभाव का अंत ही वास्तविक शांति का मार्ग है। शिव का हिमालय पर निवास इस बात का प्रतीक है कि जीवन में शीतलता, संयम और स्थिरता आवश्यक है। शिवतत्त्व मनुष्य को सुख-दुख से परे समभाव में जीने की प्रेरणा देता है।

महाशिवरात्रि का महत्व कई पौराणिक घटनाओं से जुड़ा हुआ है। समुद्र मंथन के दौरान निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने स्वयं पीकर संसार की रक्षा की थी। इसी कारण उन्हें नीलकंठ कहा जाता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार यह दिन भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का पावन अवसर है, जो आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक माना जाता है। शिवपुराण में वर्णित कथा के अनुसार ब्रह्मा और विष्णु के बीच श्रेष्ठता विवाद समाप्त करने के लिए भगवान शिव अनंत ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए थे। यह घटना शिवतत्त्व की सर्वोच्चता और अहंकार त्याग का संदेश देती है। पौराणिक कथा के अनुसार देवताओं के वैद्य अश्विनी कुमार ने शिवगंगा में स्नान कर भगवान शिव का अभिषेक किया और रोगमुक्त हो गए। इसी कारण यह स्थान आरोग्य और शुद्धि का प्रतीक माना जाता है।

महाशिवरात्रि पर शिवलिंग का जलाभिषेक अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। जल, दूध, दही, शहद, घी, चंदन और बेलपत्र अर्पित करना शुभ माना जाता है। वहीं तुलसी, केतकी का फूल और सिंदूर चढ़ाना वर्जित माना गया है। बेलपत्र के तीन पत्ते त्रिगुणकृसत्व, रज और तमकृका प्रतीक माने जाते हैं, जिन्हें शिव को अर्पित करने का अर्थ है इन गुणों का समर्पण। महाशिवरात्रि की रात्रि मंत्र साधना के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। ॐ नमः शिवाय : मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति, महामृत्युंजय मंत्र : आरोग्य और दीर्घायु, शिव गायत्री मंत्र : ज्ञान और एकाग्रता, दरिद्रता दहन मंत्र : आर्थिक समृद्धि का प्रतीक, निशिता काल में रुद्राक्ष माला से मंत्र जाप विशेष फलदायी माना जाता है। महाशिवरात्रि का वास्तविक अर्थ केवल पूजा नहीं, बल्कि आत्मपरिवर्तन है। यह पर्व सिखाता है कि जब मनुष्य निष्कामता, करुणा और समता को अपनाता है, तब वह शिवतत्त्व के निकट पहुंचता है। यह पर्व मानव को यह संदेश देता है कि पंचमहाभूतों से बने शरीर के पीछे जो चैतन्य शक्ति कार्य कर रही है, वही शिवतत्त्व है। उसी चैतन्य में अहंकार का समर्पण ही वास्तविक महाशिवरात्रि है।

महाशिवरात्रि केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन दर्शन है। यह पर्व मनुष्य को संयम, साधना, सेवा और समता का मार्ग दिखाता है। जब भक्त निशिता काल में शिव मंत्रों का जाप करता है, जब वह बेलपत्र अर्पित करता है और जब वह अपने भीतर के अहंकार का त्याग करता है, तभी महाशिवरात्रि का वास्तविक अर्थ पूर्ण होता है। सनातन संस्कृति का यह दिव्य पर्व हमें याद दिलाता है कि शिव केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि प्रत्येक जीव और प्रत्येक चेतना में विद्यमान हैं। जब मानव अपने भीतर के शिवतत्त्व को जागृत करता है, तभी उसका जीवन कल्याण और समृद्धि की ओर अग्रसर होता है।

**महाशिवरात्रि केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आध्यात्मिक जागरण का अवसर है। उपवास, रुद्राभिषेक, मंत्र जाप और दान-पुण्य के माध्यम से भक्त जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। सनातन परंपरा में महाशिवरात्रि का संदेश स्पष्ट है, अहंकार का त्याग, संयम का पालन और आत्मा का परमात्मा से मिलन। जब आधी रात को शिव मंदिरों में घंटों की गूंज और हर हर महादेव का उद्घोष होता है, तब यह पर्व केवल आस्था नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की जीवंत आत्मा का उत्सव बन जाता है। जी हां, लक्ष्मी-नारायण योग से समृद्धि के संकेत, ज्योतिर्लिंगों में उमड़ेगी श्रद्धा और साधना की अद्भुत धारा. फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी का पावन दिवस जब महाशिवरात्रि के रूप में उदित होता है, तब संपूर्ण सनातन संस्कृति में भक्ति, साधना और आत्मशुद्धि का अनूठा संगम दिखाई देता है। इस वर्ष 15 फरवरी को मनाई जाने वाली महाशिवरात्रि केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक चेतना और ज्योतिषीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। खास यह है कि इस दिन कुंभ राशि में शुक्र और बुध की युति से लक्ष्मी-नारायण राजयोग का निर्माण हो रहा है, जिसे ज्योतिषीय मान्यताओं में समृद्धि, वैभव और सफलता का प्रतीक माना जाता है**

## ब्राह्मण-दलित-पिछड़ों को लड़ा बीजेपी से हारी बाजी जीतना चाहता है विपक्ष



-संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश की राजनीति में हिन्दुत्व की लहर ने योगी सरकार और भारतीय जनता पार्टी को ऐसी मजबूत नींव दे दी है कि विपक्षी दल अब हताशा के दौर से गुजर रहे हैं। प्रदेश में भाजपा समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी जैसे दलों के मुकाबले अभेद्य किले की तरह खड़ी नजर आ रही है। हिन्दुत्व के सहारे ही भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से सत्ता की कमान संभालना चाहती है। लेकिन विपक्षी नेताओं ने अब एक सोची-समझी चाल चली है। वे हिन्दू समाज को ही आपस में बांटने की साजिश रच रहे हैं। हर उस मुद्दे को हवा दी जा रही है जो हिन्दुओं के बीच फूट डाल सके। कभी ब्राह्मणवाद के नाम पर आक्रोश भड़काया जाता है तो कभी दलितों और पिछड़ों पर अत्याचार के रोने से सियासी माहौल गरमाया जाता है। अपराधियों को भी अब जाति के चश्मे से देखा जाने लगा है। यह सब कुछ हिन्दू एकता को चूर करने की गहरी चाल है।

प्रदेश की सियासत को करीब से देखें तो साफ पता चलता है कि भाजपा ने हिंदुत्व को ऐसा हथियार बनाया है जो विपक्ष के सारे तीरों को विफल कर देता है। राम मंदिर निर्माण से लेकर गौ रक्षा तक हर मुद्दे पर हिन्दू समाज एकजुट हो गया। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने कानून-व्यवस्था को पुख्ता कर अपराधियों पर नकेल कसी तो हिन्दू समाज में विश्वास जगा। लेकिन विपक्ष अब उसी समाज को तोड़ने पर तुला है। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के नेता ब्राह्मणों को भाजपा विरोधी बताने की मुहिम चला रहे हैं। वे कहते हैं कि भाजपा में ब्राह्मणों की उपेक्षा हो रही है। पुरानी घटनाओं को उछालकर ब्राह्मण युवकों को भड़काया जा रहा है। एक तरफ ब्राह्मण सम्मेलनों में नारे लगवाए जाते हैं तो दूसरी तरफ दलित सभाओं में ब्राह्मणों पर अत्याचार के किस्से गढ़े जाते हैं। यह दोहरी चाल हिन्दू समाज के दो बड़े वर्गों में वैमनस्य पैदा कर रही है।

दलित और पिछड़े वर्गों को भी निशाना बनाया जा रहा है। विपक्षी दल दावा करते हैं कि योगी सरकार में दलितों और पिछड़ों पर जुल्म हो रहे हैं। हर छोटी-मोटी घटना को जातिगत रंग देकर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के तौर पर कुछ महीने पहले एक घटना घटी जहां पुलिस ने अपराधी को पकड़ा। विपक्ष ने तुरंत चिल्लाना शुरू कर दिया कि वह दलित था और भाजपा सरकार ने उसे फंसाया। सच्चाई यह थी कि अपराधी ने कई हत्याएं की थीं लेकिन जाति का लबादा ओढ़ाकर उसे शहीद बनाने की कोशिश हुई। इसी तरह पिछड़े वर्ग के अपराधियों को भी संरक्षण देने की मुहिम चलाई गई। समाजवादी पार्टी के कुछ नेता खुले तौर पर कहते हैं कि अपराधी कोई भी हो, उसकी जाति को बचाना जरूरी है। इससे हिन्दू समाज में पिछड़ों और अन्य वर्गों के बीच खाई पैदा हो रही है।

कांग्रेस भी इस खेल में पीछे नहीं है। वह ब्राह्मण-दलित कार्ड खेल रही है। पार्टी के नेता पुरानी शिकायतें दोहराते हैं कि भाजपा सवर्णों की ही सरकार है। वे हिन्दू समाज को चार हिस्सों में बांटने की कोशिश कर रहे हैं। कभी जाट बनाम गुर्जर का मुद्दा उठता है तो कभी राजपूतों को ठाकुरों से लड़ाने की चेष्टा होती है। अपराध के मामलों को जाति से जोड़ना सबसे खतरनाक है। प्रदेश में अपराधी किसी भी जाति का हो सकता है लेकिन विपक्ष उसे जाति का चेहरा बना देता है। अगर अपराधी ब्राह्मण है तो ब्राह्मणवाद का ढोल पीटा जाता है। दलित अपराधी पर तो अत्याचार का रोना रोया जाता है। पिछड़ा अपराधी हो तो पिछड़ों की दुर्दशा का बखान किया जाता है। इससे समाज में नफरत का बीज बोया जा रहा है। हिन्दू समाज जो सदियों से एकजुट रहा, अब उसके टुकड़े करने की साजिश रची जा रही है।

यह साजिश नई नहीं है। विपक्ष हमेशा से जातिवाद का सहारा लेता रहा है। लेकिन अब यह हिंदुत्व के खिलाफ सीधी जंग है। भाजपा ने हिन्दू समाज को जाति से ऊपर उठाकर एक सूत्र में बांधा है। योगी सरकार की योजनाएं सबके लिए हैं। दलितों के लिए विशेष छात्रावास, पिछड़ों के लिए आरक्षण में इजाफा और ब्राह्मणों के लिए संस्कृत विद्यालय। लेकिन विपक्ष इन तथ्यों को नजरअंदाज कर अफवाहें फैला रहा है। हाल ही में एक जिले में दलित युवक की मौत पर विपक्ष ने ब्राह्मणों पर आरोप लगाए। जांच में साफ हुआ कि यह पारिवारिक झगड़ा था लेकिन सियासी फायदा उठाने के लिए जाति का जहर घोला गया। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां अपराध को जातिगत संघर्ष का रूप दिया गया। लखनऊ से लेकर वाराणसी तक सभाओं में यही जहर परोसा जा रहा है।

विपक्ष की यह चाल उल्टी पड़ रही है। हिन्दू समाज जागरूक हो गया है। सोशल मीडिया पर लोग इन साजिशों को बेनकाब कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर एकता का संदेश दे रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने कई बार खुलकर कहा है कि हिन्दू एकता ही प्रदेश की ताकत है। विपक्ष की जातिवादी राजनीति अब जनता को भाती नहीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी यही देखने को मिला। जहां विपक्ष ने जाति कार्ड खेला, वहां भाजपा ने हिन्दुत्व से जवाब दिया। अब 2027 के विधानसभा चुनाव में भी यही होगा। लेकिन विपक्ष हार मानने को तैयार नहीं। वे और तीव्रता से हिन्दुओं को बांटने की कोशिश करेंगे। अपराधियों को जाति का चोला पहनाकर सड़कों पर उतारेंगे। ब्राह्मणों को भड़काएंगे, दलितों को उकसाएंगे और पिछड़ों को भटकाएंगे।

यह साजिश सिर्फ सियासी नहीं, समाज को कमजोर करने वाली है। हिन्दू समाज अगर बंट गया तो प्रदेश की प्रगति रुक जाएगी। योगी सरकार ने बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। एक्सप्रेसवे बने, हवाई अड्डे बढ़े, निवेश आया लेकिन एकता ही सबकी कुंजी है। विपक्ष को समझना चाहिए कि जनता अब जाति के जाल में नहीं फंसती। वे चाहे जितना चिल्लाएं, हिन्दुत्व की दीवार अटल है। ब्राह्मण, दलित, पिछड़ा, क्षत्रिय सब एक हैं। राम के भक्त एक हैं। विपक्ष की साजिशें नाकाम होंगी। प्रदेश फिर भाजपा के हाथों सशक्त होगा। हिन्दू समाज को सावधान रहना होगा। इन फूट डालने वाली चालों से बचना होगा। एकता बनाए रखें, तभी सच्ची विजय होगी।

## जहरीले बयान से विषैले पानी तक कटघरे में एमपी की सरकार



-नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

किसी भी सरकार की दृढता और जन सामान्य से जुड़े विषयों में उसकी संवेदनशीलता सरकार की कीर्ति, ख्याति और गुणगान का महत्वपूर्ण आधार होती है। इस लिहाज से मध्यप्रदेश राज्य सरकार जिसने अपने नवीन नैतृत्व के साथ दो बरस से अधिक की कार्य अवधि पूर्ण कर ली है, अब यह जानना बहुत जरुरी हो जाता है की जनसामान्य से जुड़े आवश्यक विषयों के प्रति सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री, नेता और अफसरों का दृष्टिकोण क्या है? जब किसी राज्य में केंद्रीय नैतृत्व ने नव प्रयोग करते हुए वरिष्ठता के क्रम को उलांघकर मोहन यादव को मध्यप्रदेश की सरकार का मुखिया बनाया हो, तब राज्य सरकार का मूल्यांकन और भी जरुरी हो जाता है। सरकार के कार्यों का मूल्यांकन जनता की नजर से करने का पैमाना वैसे तो पांच बरस में होने वाले चुनाव है। इस पैमाने पर अब से दो बरस पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नैतृत्व में एमपी की जनता ने भाजपा को व्यापक जन समर्थन देकर राज्य में राज्य में पांच वर्षीय कार्यकाल सौपा है, जनादेश इतना बड़ा की बहुमत से 50 सीटें अधिक याने की 230 में से 163 सीट जीतकर भाजपा ने इतिहास रचा। किंतु यह सफलता भाजपा को पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान के नैतृत्व में प्राप्त हुई थी। शिवराज के नैतृत्व में भाजपा को मिले व्यापक जन समर्थन के बाद भाजपा हाईकमान ने शिवराज के स्थान पर महाकाल की नगरी उज्जैन दक्षिण के विधायक एमपी सरकार के पूर्व शिक्षामंत्री मोहन यादव को प्रदेश की कमान सौपी। मध्यप्रदेश में मोहन यादव ने 13 दिसम्बर 2023 को राज्य के 19 वें मुख्यमंत्री के रुप में शपथ ग्रहण की थी।

मध्यप्रदेश जिसकी बागडोर शिवराज के हाथों से मोहन यादव के हाथों में आ चुकी थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री के रुप में अपने शुरूवाती निर्णयों में मोहन यादव सरकार की दृढता स्पष्ट दिखाई दे रही थी। उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही 13 दिसम्बर 2023 को धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर निर्धारित डेसिबल से अधिक तेज आवाज वाले लाउडस्पीकरों और डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया। यह कदम सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निदेशों के तहत ध्वनि प्रदूषण कम करने और जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए उठाया गया था। इस निर्णय को सम्पूर्ण प्रदेश में समान रुप से लागू करने में भी सफलता प्राप्त हुई थी। जब गाँव-गाँव, शहर-शहर ऊँचे स्थानों पर लाउड स्पीकर लगाकर धार्मिक कट्टरवाद की प्रतिस्पर्धा का दौर चल रहा था। मोहन यादव की सरकार ने आमजनता के हित में दृढता से कदम उठाया। उक्त निर्णय को समान रुप से लागू भी किया। तेज आवाज से परेशान आमजन को राहत देने का काम किया था। एमपी की सरकार का दूसरा कठोर निर्णय परिवहन चैक पोस्ट समाप्त करने का था। जिसका आधिकारिक निर्णय 30 जून 2024 को लिया गया। और यह 1 जुलाई 2024 से पुरे राज्य में लागू भी हो गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अंतर प्रांतीय सीमाओं पर होने वाली अवैध वसूली को रोकने और गुजरात मॉडल अपनाने के लिए चेक पोस्ट को बंद करने का कड़ा फैसला लिया था। यह फैसला सरकार का भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार था। जनता से जुड़े कठोर निर्णय लेने वाली मोहन सरकार कुछ मामलों में अनिर्णय का शिकार होती दिखी, जिन विषयों पर संवेदनशीलता और दृढता दिखाए जाने की आवश्यकता थी, राज्य सरकार और उसके मुखिया खामोश नजर आए। ऐसा ही राष्ट्रीय अस्मिता से जुडा मामला एमपी सरकार के जनजातीय कार्यमंत्री के रुप में विजय शाह द्वारा दिया गया बयान था। उन्होंने भारतीय सेना की कर्नल सौफिया कुरैशी जिन्होंने आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की कार्यवाही से दुनियाँ को अवगत कराया स्वयं भी कार्यवाही का हिस्सा रही। उन पर दिए जहरीले बयान में मंत्री विजय शाह ने उन्हें आंतकियों की बहन कहकर सम्बोधित किया। भारत राष्ट्र की जिस नायिका पर देश गौरव कर रहा है, एमपी सरकार के जिम्मेदार मंत्री द्वारा दिए बयान ने मध्यप्रदेश की जनता को शर्मन्दगी से भर दिया था, उनका यह बयान देश की गरिमा को नुकसान पहुंचाने वाला है, किंतु आश्चर्य की 10 माह होने को आए मंत्री अपने पद पर बना हुआ है। एमपी की सरकार उन्हें मंत्री पद से हटाने में नाकाम दिखाई दी, जब से अब तक का हर दिन एमपी की सरकार और उसके मुख्यमंत्री की संवेदना और दृढता को मुंह चिढ़ाता प्रतीत हो रहा है।

एमपी की आर्थिक राजधानी इंदौर जिसे देश के सबसे साफ शहर का तमगा मिला हुआ है। अभी वर्ष 2026 की जनवरी माह में इस शहर के भागीरथ पूरा इलाके में विषैले पानी से फैले डायरिया के कारण एक के बाद एक 33 लोगो की मौत हो गयी। मौत का क्रम अभी भी जारी है, जाने कब रुकेगा, सरकार ने तीन अधिकारियो को निलंबित किये जाने एवं मृतक परिवार को मुआवजे के रुप में मात्र 2 लाख रु की घोषणा कर इस गंभीरतम अपराध पर पर्दा डालने का प्रयास किया। इस अति गंभीर विषय पर प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री ने एक पत्रकार को दिए बयान में फोकट प्रश्न और घंटा जैसे शब्दों के इस्तेमाल ने प्रदेश की जनता को झकझोर दिया। इस बयान ने प्रदेश को गहरे रुप से शर्मिंदा किया। एमपी के इंदौर में विषैले पानी से हुई मौत के सम्पूर्ण घटनाक्रम पर सरकार संवेदन शून्य नजर आई। यह विषय प्रदेश के विपक्ष को सरकार पर हमलावर होने का मौका था, विपक्ष ने ऐसा ही किया। सरकार और मुख्यमंत्री विपक्ष को दोष देते दिखे। इस अति गंभीर विषय पर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा की फायर ब्राड नेता उमा भारती का बयान काबिले गौर रहा, जिसमे जनमत की आवाज सुनाई दी उन्होंने ७ पर अपनी पोस्ट में लिखा ' सिर्फ इंदौर के मेयर ही नहीं, मध्यप्रदेश का शासन एवं प्रशासन कटघरे में खडे है, इस महापाप के सभी जिम्मेदार लोग जनता के प्रति अपराध के कटघरे में खडे है, उमा भारती ने लिखा इंदौर दूषित पानी के मामले में यह कौन कह रहा है की हमारी चली नहीं, जब आपकी चली नहीं तो आप पद पर बैठे बीसलेरी का पानी क्यों पीते रहे? जनता के बिच क्यों नहीं गए? ऐसे पापों का कोई स्पष्टीकरण नहीं होता या तो प्रायश्चित या दंड!' उमा भारती की इस पोस्ट में सरकार को सख्त कदम उठाने का संदेश था। किंतु सत्तामद में चूर प्रदेश सरकार इस संवेदनशील विषय पर असंवेदनशील नजर आई। घटनाक्रम तो प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, राशन माफिया, शराब माफिया, बढ़ती बेरोजगारी, लालफीताशाही भी है,किंतु आपरेशन सिंदूर की नायिका सौफिया कुरैशी पर मंत्री विजय शाह के बयान के बाद भी उनका पद पर बने रहना? इंदौर के भागीरथ पूरा में विषैले पानी से हुई 33 लोगो की मौत के बाद सरकारी तत्परता की कमी, सरकारी दृढता का अभाव, प्रदेश सरकार के मुखिया मोहन यादव जो अपने आरम्भिक कुछ महीनों में कठोर निर्णय लेते दिखे, बाद में अनिर्णय का शिकार हो गए। विषैले पानी और जहरीले बयान के बाद सरकार के कमजोर फैसलों ने एमपी सरकार के मुखिया और सरकार की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव को जरूरत है, संवेदनशील विषय पर कठोर रुख इख़्तियार करने की, हाई कमान एक बार मौका देता है, बाद में प्रदेश की जनता आपको मजबूत लीडर के रुप में देश के सामने प्रस्तुत करती है। जनता का नेता बनने के लिए जरूरत है। जनभावना के सम्मान की एमपी की सरकार और उसके मुखिया मोहन यादव को समय रहते जनता की भावना का आदर करना सीखना होगा। हर विषय पर दिल्ली की और देखना भी आपकी कमजोरी और निर्णय लेने में देरी को प्रदर्शित करते है।

## टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और स्टेलांटिस साझेदारी के 20 साल पुरे

**मुंबई।** भारत की अग्रणी कार और एसयूवी निमार्ता टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और एक प्रमुख वैश्विक ऑटोमोबाइल निमार्ता स्टेलांटिस ने अपने 50:50 संयुक्त उद्यम, फिएट इंडिया ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से सफल साझेदारी के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस अवसर पर दोनों कंपनियों ने आज एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य भारत और विदेशों में मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग और सप्लाई चेन के क्षेत्रों में आगे सहयोग के अवसर तलाशने है। इस साझेदारी की शुरूआत से अब तक संयुक्त उद्यम के तहत 13.7 लाख से अधिक वाहनों का उत्पादन किया जा चुका है। 50:50 के इस संयुक्त उद्यम में करीब 5,000 कर्मचारी कार्यरत हैं, जो प्रति वर्ष लगभग 2,22,000 वाहनों का निर्माण करते हैं। वर्तमान में संयुक्त उद्यम के संयंत्र में जीप ब्रांड के 4 मॉडल और टाटा मोटर्स के 3 पैसेंजर व्हीकल्स का उत्पादन किया जा रहा है। इस सफल साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए और स्टेलैंटिस की वैश्विक विशेषज्ञता तथा टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की गहन स्थानीय क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, FIAPL ने मैन्युफैक्चरिंग, पावरट्रेन और सप्लाई चेन में मजबूत क्षमताएँ विकसित की हैं, जिससे भविष्य में सहयोग बढ़ाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार हुआ है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर एंड सीईओ शैलेश चंद्रा ने कहा, "FIAPL के माध्यम से स्टेलांटिस के साथ हमारी साझेदारी विश्वास, साझा मूल्यों और एक समान दृष्टिकोण पर आधारित एक दीर्घकालिक सहयोग की मजबूती को दर्शाती है। हम आने वाले वर्षों में स्टेलांटिस के साथ इस संबंध को और गहरा करने की उम्मीद करते हैं।

## रुस्तमजी ने फोर्ट में मुंबई के आइकॉनिक वाडिया क्लॉक टावर का पुनरुद्धार किया

**मुंबई।** मुंबई के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक, रुस्तमजी ग्रुप ने एक पुरानी और मशहूर इमारत बोमनजी होरमर्जी वाडिया क्लॉक टावर की मरम्मत पूरी कर दी है। यह टावर मुंबई के फोर्ट इलाके में बाजार गेट स्ट्रीट और पेरिन नरिमन स्ट्रीट के चौराहे पर है। यह 19वीं सदी का बहुत खास स्मारक है, जो 1882 में नेकदिल व्यक्ति बोमनजी होरमर्जी वाडिया की याद में बनाया गया था। इसमें एक फव्वारा और क्लॉक टावर दोनों हैं। रुस्तमजी ग्रुप ने कला घोड़ा एसोसिएशन के साथ मिलकर इसकी मरम्मत की। काम पूरा होने पर एक खास कार्यक्रम हुआ, जिसमें धरोहर के जानकार लोग और आसपास के लोग शामिल हुए। रुस्तमजी ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर बोमन रुस्तम ईरानी ने कहा, मुंबई की धरोहर ने हमेशा मुझे प्रभावित किया है क्योंकि यह शहर की आत्मा को दर्शाती है और वे कहानियां बताती है जो हमें आकार देती हैं। वाडिया क्लॉक टावर सिर्फ अतीत का अवशेष नहीं है; यह रोजमर्रा के मुंबई का जीवंत हिस्सा है, जो हर उस व्यक्ति का है जो इससे गुजरता है। हमारा प्रयास इस स्मारक को समुदाय में पहले वाली गरिमा और गौरव वापस लौटाना है। रुस्तमजी में हम मानते हैं कि जब हम घर बनाते हैं, तो परिवारों को आकार देते हैं, और जब हम धरोहर का संरक्षण करते हैं, तो शहर और उसके लोगों के बीच का बंधन मजबूत करते हैं। बोमनजी होरमर्जी वाडिया के सम्मान में बने इस स्मारक का पुनरुद्धार करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है, जिनकी शिक्षा और सार्वजनिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता आज भी हमें प्रेरित करती है। वाडिया क्लॉक टावर को रिस्टोर करके हम उनकी विरासत का सम्मान करते हैं और शहर के भविष्य में शिक्षा के माध्यम से जन गौरव और निवेश की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। यह दर्शन धरोहर से आगे बढ़कर वाडिया की शिक्षा और नागरिक कल्याण की विरासत को सम्मान देता है, जो रुस्तमजी की अपनी प्रतिबद्धताओं से मेल खाता है।

## सत्वा ग्रुप मुंबई में 8 मिलियन वर्गफीट के शहरी रीडेवलपमेन्ट करेगा

**मुंबई।** भारत के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक सत्वा ग्रुप ने छह रेजिडेन्शियल एवं कमर्शियल डेवलपमेन्ट प्रोजेक्ट्स के साथ मुंबई मेट्रोपोलिटन क्षेत्र (एमएमआर) में प्रवेश की घोषणा की है, ये परियोजनाएं 8 मिलियन वर्गफीट से ज्यादा कन्स्ट्रक्शन एरिया में फैली हैं। प्रतिस्पर्धी मूल्यांकन के द्वारा सौंपी गई ये परियोजनाएं परळ (शिवडी), प्रभादेवी, गोरेगाव पूर्व, विलेपार्ले पश्चिम, पवई और वांद्रे कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के आस-पास के इलाकों में मौजूद हैं। इन छह परियोजनाओं के साथ सत्वा ग्रुप 2500 से अधिक रीहेबिलिटेशन घर और 2000 से अधिक नए बने घर डिलीवर करेगा। इस पोर्टफोलियो का निर्माण कार्य 2026 में शुरू होगा और 2032 तक जारी रहेगा, उम्मीद है कि पहले प्रोजेक्ट की डिलीवरी 2028 तक दे दी जाएगी। एक अनुमान के अनुसार परियोजनाओं का ग्रॉस डेवलपमेन्ट वैल्यू लगभग रु 11,000 करोड़ होगा। एमएमआर में कंपनी का प्रवेश ऐसे समय में हुआ है, जब मुंबई संरचनात्मक नवीनीकरण के दौर से गुजर रहा है, जहां 16,000 से अधिक पुरानी इमारतों को फिर से विकसित कर सुरक्षा, योजना एवं सस्टेनेबिलिटी के मानकों के अनुरूप बनाने की जरूरत है। उम्मीद है कि डेवलपमेन्ट कंट्रोल एंड प्रमोशन रेग्युलेशन 2034 में आगामी सुधारों से स्लम रीहेबिलिटेशन ऑथोरिटी, महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेन्ट ऑथोरिटी और सोसाइटी-लैड मॉडल्स में रीडेवलपमेन्ट की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा, जिसके चलते तकनीकी रूप से सक्षम एवं आर्थिक दृष्टि से अनुशासन बरतने वाले डेवलपर्स की मांग बढ़ेगी। सत्वा के मुंबई पोर्टफोलियो की बात करें तो कई मानकों वाले मूल्यांकन के द्वारा इसमें विनियामक स्पष्टता, इंजीनियरिंग व्यवहारिकता, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी, लाईफसायकल असेट परफोर्मेन्स एवं हितधारकों की सक्रियता को सुनिश्चित किया गया है। पिछले साल के दौरान ग्रुप ने मुख्य रीडेवलपमेन्ट माइक्रो-मार्केट्स में बुनियादी स्तर पर गहन विशेषाता हासिल की है, तथा स्थानीय विनियमों के साथ तालमेल बनाते हुए दक्षता एवं प्रभाविता के साथ परियोजनाओं को अंजाम दिया है।

## टाटा एआईए ने लॉन्च किए एनहैंस्ड वैल्यू इंडेक्स फंड्स

**मुंबई/पटना।** भारत की अर्थव्यवस्था जिस तेजी से बढ़ रही है, उसे देखते हुए निवेशक अब सही प्लानिंग के साथ लंबे समय के लिए पैसा जोड़ना चाहते हैं। आज के समय में शेयर बाजार में आम लोगों की हिस्सेदारी रिकॉर्ड स्तर पर है। लोग अब पुराने तरीकों के बजाय बाजार से जुड़े विकल्पों में पैसा लगाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ऐसे में, भविष्य को सुरक्षित बनाने और अच्छी संपत्ति बनाने के लिए इंडेक्स फंड में निवेश सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा तरीका बन गया है। बाजार के बदलते रुझान को देखते हुए, भारत की भरोसेमंद बीमा कंपनी टाटा एआईए ने 'वैल्यू इन्वेस्टिंग' पर आधारित दो नए फंड पेश किए हैं। यह रणनीति उन कंपनियों को चुनने पर टिकी है, जिनमें भविष्य में बड़ी बढ़त हासिल करने की पूरी क्षमता है। ये फंड लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप की ऐसी 50 चुनिंदा कंपनियों में पैसा लगाते हैं जो आने वाले समय में मार्केट लीडर बन सकती हैं। इसके जरिए निवेशकों को न केवल बेहतर कमाई का मौका मिलता है, बल्कि जीवन बीमा की सुरक्षा भी मिलती है।

# पालकमंत्री गणेश नाईक ने जनता दरबार में 437 आवेदनकताओं से की सीधी बातचीत

### जिस दिन एक भी आवेदन नहीं आयेगा, वही मेरे लिए सबसे खुशी का दिन होगा : गणेश नाईक

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** पालघर जिले के नागरिकों की सभी समस्याएं समय पर हल हों और जनता दरबार में एक भी आवेदन न आए—यही मेरे लिए सबसे बड़ा संतोष और खुशी का दिन होगा। यह विचार महाराष्ट्र के वन मंत्री एवं पालघर जिले के पालकमंत्री गणेश नाईक ने व्यक्त किये। जिलाधिकारी कार्यालय स्थित जिला नियोजन समिति सभागृह में सोमवार 9 फरवरी को आयोजित छठे जनता दरबार में पालकमंत्री गणेश नाईक ने 437 आवेदनकताओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए।

इस दौरान नागरिकों की विविध समस्याओं पर त्वरित निर्णय लेते हुए पालकमंत्री ने प्रशासन की कार्यक्षमता पर संतोष व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि आज का प्रशासन अधिक गतिशील, जवाबदेह और संवेदनशील बन रहा है। पालकमंत्री गणेश नाईक ने कहा कि मेरी सच्ची इच्छा है कि एक दिन जनता दरबार की जरूरत ही न पड़े। जिस दिन यहां एक भी आवेदन नहीं आयेगा, उस दिन समझूंगा कि प्रशासन ने लोगों के काम समय से पूरे कर दिए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जिला नियोजन समिति की बैठक हाल ही में आयोजित हुई थी, इसके बावजूद जनता दरबार के माध्यम से फिर से नागरिकों की समस्याएं जानना प्रशासन की जमीनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए पालकमंत्री ने कहा कि जिसके पास




योजना नहीं, डायरी नहीं—उस पर मैं भरोसा नहीं करता। हर अधिकारी को अपने कार्यों का नियोजन करना चाहिए और चुनाव से लेकर रोजमर्रा के कामों तक की पूरी डायरी रखनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को इंटरनेट का प्रभावी उपयोग, अपने परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखने और विशेष रूप से पुलिस विभाग को अधिक अनुशासित व संवेदनशील ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। कामकाज की संस्कृति पर जोर देते हुए पालकमंत्री ने कहा कि जो काम कल पर छोड़ा जाता है, वही बोझ बनता है। आज का काम आज और अभी किया जाये। यही प्रशासन की कार्यसंस्कृति होनी चाहिए। समाजसेवा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद नागरिकों के कार्यों को प्राथमिकता देना हर अधिकारी का नैतिक दायित्व है।इस अवसर पर विधायक राजेंद्र गावित, स्नेहा दुबे पंडित, राजन नाईक, जिलाधिकारी डॉ. इंदू रानी जाखड़, पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश निकम, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र शिंदे, निवासी उपजिलाधिकारी सुभाष भागडे, विभिन्न विभागों के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## स्व. मीनाताई ठाकरे रंगायतन के कार्य की प्रगति पर आयुक्त अनमोल सागर नाराजगी व्यक्त कर ठेकेदार को 10 दिन की दी मोहलत



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी मनपा के प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर (भा.प्र.से.) ने स्वर्गीय मीनाताई ठाकरे रंगायतन में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी गति को देखते हुए आयुक्त ने ठेकेदार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त अनमोल सागर ने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश देते हुए 10 दिनों की अंतिम मोहलत देते हुये चेतावनी दी है यदि निर्धारित अवधि में कार्य की प्रगति में सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित कायार्देश रद्द कर दिया जाएगा। साथ ही आयुक्त ने शहर अभियंता को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन दो बार कार्यस्थल पर स्वयं उपस्थित रहकर कार्य की प्रगति की समीक्षा करें और नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर अतिरिक्त शहर अभियंता सचिन नाईक के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मनपा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# वंदे मातरम् कोस्टल साइक्लोथॉन से राष्ट्रीय एकता, फिटनेस एवं तटीय सुरक्षा का सशक्त संदेश : जिलाधिकारी

**पालघर(उत्तरशक्ति /अजीत सिंह)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसफ) द्वारा आयोजित वंदे मातरम् कोस्टल साइक्लोथॉन ने पालघर जिले में देशभक्ति व उत्साह का वातावरण निर्मित कर दिया है। यह राष्ट्रीय अभियान राष्ट्रीय एकता, शारीरिक फिटनेस और तटीय सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता का त्रिसूत्री संदेश दे रहा है। जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने इस अभिनव पहल की खुले दिल से सराहना की।

यह साइक्लोथॉन मंगलवार 10 फरवरी को सुबह 5 बजे दमन से प्रारंभ होकर लगभग 9 बजे दहानू पहुंची, जहां इसका भव्य स्वागत जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ के हाथों किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. जाखड़ ने बोलते




हुए कहा कि यह कार्यक्रम वास्तव में अनूठा व प्रेरणादायी है। सीआईएसफ ने 25 दिनों में 6,500 किलोमीटर से अधिक दूरी साइकिल से तय करने का संकल्प लिया है। वंदे मातरम् गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तटीय सुरक्षा, राष्ट्रभक्ति एवं फिटनेस का संदेश एक साथ देना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि दमन से शुरू हुई यह साइक्लोथॉन पालघर जिले में ठहराव के बाद तटीय मार्ग से मुंबई की ओर रवाना होगी। इस अभियान में विद्यार्थियों और आम नागरिकों की उत्स्फूर्त भागीदारी देखने को मिली है। पालघर जिले के कुछ नागरिकों एवं पुलिस कर्मियों ने भी इसमें सक्रिय रूप हिस्सा लिया है, जिससे अभियान को व्यापक और सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षकों की छुट्टियों के दौरान विद्यालयों में विशेष जनजागरूकता सत्रों का आयोजन किया जायेगा, ताकि विद्यार्थियों को देशसेवा, राष्ट्रीय सुरक्षा और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में अधिक जानकारी मिल सके। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने सीआईएसफ के संपूर्ण दल को बधाई देते हुए कहा कि आप देशसेवा का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। पालघर जिले में आगमन और इस राष्ट्रीय अभियान में हमें सहभागी बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ इन्दुरानी जाखड़ ने सीआईएसफ के साइक्लोथॉन दल को आगे के सफर हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख, सहायक जिलाधिकारी विशाल खत्री, दहानू नगराध्यक्ष राजेंद्र माच्छीं, सहायक पुलिस अधीक्षक अंकिता कणसे, तहसीलदार सुनील कोली, गट विकास अधिकारी पल्लवी सस्ते, पुलिस निरीक्षक किरण पवार, सीआईएसफ के वरिष्ठ अधिकारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## बारहवीं परीक्षाः अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र शिंदे ने सोनोपंत दांडेकर महाविद्यालय का किया निरीक्षण

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बारहवीं की परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में चलाए जा रहे नकलमुक्त अभियान की प्रभावी क्रियान्वयन की जांच के लिए जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र शिंदे ने मंगलवार 10 फरवरी को सोनोपंत दांडेकर महाविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का दौरा किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं, पर्यवेक्षण प्रणाली, अनुशासन और सुरक्षा उपायों की गहन समीक्षा की। उन्होंने परीक्षा में सम्मिलित छात्रों की कक्षाओं में जाकर स्वयं निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा पारदर्शी, शांत एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न हो रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने परीक्षा केंद्र पर अनुपस्थित विद्यार्थियों की संख्या, उपस्थिति रजिस्टर तथा केंद्र स्तरीय प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र शिंदे ने परीक्षा केंद्र प्रशासन को निर्देश दिए कि परीक्षाएं नकलमुक्त, अनुशासित और शांत वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें।

## ठाकुर रामनारायण कॉलेज दहिसर में अंतरराष्ट्रीय शोध सम्मेलन सम्पन्न

**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** ठाकुर रामनारायण कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स ने अपने दहिसर परिसर में शोध समीक्षा नवोन्मेष और ज्ञान का मंच शीर्षक से एक दिवसीय बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय शोध सम्मलेन का आयोजन किया।इस सम्मलेन का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों के बीच शोध संस्कृति को बढ़ावा देना तथा अकादमिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना था। सम्मलेन का आयोजन प्राचार्या डॉ. समुति राजकुमार के मार्गदर्शन में, उप प्राचार्या डॉ. नेहा गोयल के सहयोग से तथा सम्मेलन संयोजिका एवं रिसर्च एंड डेवलपमेंट शाला की अध्यक्षा सुश्री दक्षा चौधरी के कुशल समन्वय में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, मंबु ई की प्रो-वाइस चांसलर डॉ. रूबी ओझा थीं। मख्यु वक्तव्य यनूिनविर्सि टी ऑफ स्टर्लिंग, यएूई की डायरक्टेर (SQARAK कैंपस) एवं हडे




ऑफ एकेडमिक डवेलपमेंट सु श्री शांति राजन ने ऑनलाइन माध्यम से दिया। दोनों वक्ताओं ने समकालीन उच्चशिक्षा में शोध, नवाचार और सतत विकास के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। सलाहकार सदस्य एवं सं साधन व्यक्ति यों केरूप मेंडॉ. नवसीन मिस्त्री (प्रभारी प्राचार्य, सेंट फ्रांसि स डिग्री कॉलजे ), डॉ. मोना महेता (उपप्राचार्या एवं आईक्यएूसी समन्वयक, नागिंनादास खंडवाला कॉलजे), डॉ. सीना पॉल (आईक्यएू सी समन्वयक, श्री एम.डी. शाह महिला कॉलजे ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स), डॉ. हमेश महेता (आईक्यएू सी समन्वयक, तोलानी कॉलजे ऑफ कॉमर्स) तथा डॉ. कुलदीप शर्मा (समन्वयक, रिसर्चसले, के.पी.बी. हिंदुजाकॉलजे ऑफ कॉमर्स) शामिल थी। विजन विकसित भारत २०४७ विषय पर आयोजित इस सम्मलेन मेंविद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षावि दों की सक्रिय भागीदारी रही। सम्मलेन में कुल १६८ पंजीकरण और १११ शोधपत्र प्राप्त हुए। तकनीकी सत्रों और शोधपत्र प्रस्ततिुतियों के माध्यम से सार्थक शक्षैणि क संवाद और विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

## यदुवंशी समाज सेवा संस्था द्वारा बडहलगंज के पूर्व ब्लॉक प्रमुख का किया गया भव्य स्वागत

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** यदुवंशी समाज सेवा संस्था के तत्वावधान में गोरखपुर जनपद के बडहलगंज के पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय यादव तथा पूर्व ज्वाइंट कमिश्नर विजय प्रताप यादव का मुंबई प्रवास के दौरान भांडुप स्थित नेप्चून फ्लाइंग काइट बिल्डिंग में केबल नेटवर्क के प्रोप्राइटर जयसिंह यादव के निवास पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि निजी कार्यों से मुंबई आए विजय यादव, जो बडहलगंज ब्लॉक से तीन बार ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं, उन्हीं के साथ पूर्व ज्वाइंट कमिश्नर विजय प्रताप यादव, ग्राम प्रधान राजमन यादव, विजयकुमार यादव (देवरिया), राजेन्द्र यादव मोतीवाले (भिवंडी), राधेश्याम यादव, अर्जुन यादव सहित अनेक गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर यदुवंशी समाज सेवा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत यादव ने समाज की एकता, शिक्षा और सामाजिक उत्थान पर जोर देते हुए कहा कि समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयसिंह यादव ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और संगठन की मजबूती बढ़ती है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सलाहकार रामायण यादव, जिलाध्यक्ष रामेश्वर यादव, भांडुप अध्यक्ष कमलेश यादव एवं उनकी पूरी टीम सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। समारोह का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ तथा अतिथियों ने संस्था के कार्यों की सराहना की।



## प्रथम यदुवंशी क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ भव्य समापन, अहीर रेजिमेंट ने जीती ट्रॉफी

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** यादव समाज सेवा संस्था, बोईसर द्वारा आयोजित प्रथम यदुवंशी क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन 07 एवं 08 फरवरी 2026 को बेटेगांव क्रिकेट मैदान में अत्यंत हर्षोल्लास व भव्यता के साथ संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में यादव समाज की कुल 20 टीमों ने भाग लेकर खेल भावना, अनुशासन और आपसी एकता का सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। इसके पश्चात महाराष्ट्र राज्य के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के असामयिक निधन पर उपस्थित जनसमुदाय ने दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों में शिवशक्ति सामाजिक संगठना प्रमुख व महाराष्ट्र स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसायटी तारापुर के अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय पाटील, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक वडे व प्रशांत संखे, जिला परिषद सदस्य महेंद्र भोने, मिलिंद संखे, प्रवीण संखे, पप्पू संखे, सुरेश जाधव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

कार्यक्रम के दौरान यादव समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। जिसमें चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. के.पी. यादव, डॉ. रामांचल यादव व डॉ. सूरज यादव तथा शिक्षा क्षेत्र से मृदुला यादव एवं वेदप्रकाश यादव को सम्मानित किया गया। वहीं बी.ए.आर.सी. के वरिष्ठ वैज्ञानिक बी.एन. राजेश, जोगेंद्र यादव, फौजदार यादव तथा उद्योग जगत से केशव यादव, मोहन यादव, गोरखनाथ यादव, राममिलन यादव को सम्मानित किया गया। इस दौरान खेल जगत से क्रिकेटर प्रतीक यादव एवं रवि यादव; तथा बैंकिंग क्षेत्र से जे.पी. यादव को सम्मान चिन्ह प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में एसएससी एवं एचएससी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया टूनार्मेंट का



फाइनल मुकाबला अहीर रेजिमेंट एवं रेजांगला-11 के बीच खेला गया, जिसमें दर्शकों को रोमांच से भरपूर क्रिकेट देखने को मिला। कड़े संघर्ष के बाद अहीर रेजिमेंट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया और प्रतियोगिता की विजेता बनी।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित युवाओं एवं जनसमुदाय को से नो टू ड्रग्स की शपथ दिलाई गई और नशे से दूर रहने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस आयोजन में मातृशक्ति की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

इस सफल आयोजन को संपन्न कराने में संस्था के प्रमुख कार्यकर्ता रविंद्र यादव, घनश्याम यादव, ब्रिजेश यादव, योगेश यादव, हरीश यादव, मुकेश यादव, राहुल यादव, महेश यादव सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश हरिनाथ यादव ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, दर्शकों, सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक, युवा व बच्चे मौजूद रहे।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.**- 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# एआई का जिम्मेदार उपयोग जरूरी: सेफर इंटरनेट डे पर विशेषज्ञों का संदेश

## विश्वविद्यालय के साइबर क्लब द्वारा हुआ आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के संकाय भवन में साइबर क्लब के तत्वावधान में सेफर इंटरनेट डे 2026 के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम स्मार्ट टेक, सुरक्षित निर्णय – एआई का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग रही। कार्यक्रम में आधुनिक डिजिटल युग में बढ़ते ऑनलाइन जोखिमों तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार प्रयोग पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में वैलनेस सेंटर के समन्वयक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि बौद्धिक क्षमताओं के विकास के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का असंतुलित उपयोग खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर इंटरनेट ने जीवन के अनेक आयामों को सहज और सुविधाजनक बनाया है, वहीं एआई ने कई नई चुनौतियों और समस्याओं को भी जन्म दिया है। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि एआई का प्रयोग जीवन



में बेहतरी के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज नई और पुरानी दोनों पीढ़ियाँ एआई से प्रभावित हो रही हैं, ऐसे में सजगता और जिम्मेदार व्यवहार अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंजीनियरिंग संस्थान के डॉ. द्विवेंदु मिश्र ने सेफर इंटरनेट डे की थीम पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इंटरनेट पर लगभग 90 प्रतिशत सुरक्षा हमारी ह्गुड प्रैक्टिसेजह्व पर निर्भर करती है, इसलिए सभी को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम इंटरनेट का उपयोग करते हैं तो हम बहुत-सा डेटा साइबर स्पेस में छोड़ते हैं, ऐसे में सुरक्षा के उपायों से परिचित होना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि आम व्यक्ति का डिजिटल व्यवहार निरंतर साइबर स्पेस में विश्लेषित किया जा रहा है और उसी आधार पर उसे लक्षित किया जाता है।

डॉ. मिश्र ने जोर देते हुए कहा कि एआई और इंटरनेट का उपयोग रचनात्मक, शैक्षणिक और सकारात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए, ताकि तकनीक मानव जीवन को बेहतर बना सके। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा एआई सुरक्षा एवं डीपफेक जागरूकता, वॉइस क्लोनिंग एवं फिशिंग स्कैम, पासवर्ड व मोबाइल सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव तथा जिम्मेदार एआई प्रथाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का विषय-प्रवर्तन एवं संचालन साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। वहीं अतिथियों का स्वागत डॉ. सत्यम उपाध्याय एवं धन्यवाद सह-नोडल अधिकारी डॉ. अन्नू त्यागी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वाराणसी के होटल में बहन-भाई नें जहर खाकर किया सुसाइड

## 4 दिन पहले हैदराबाद से आए थे काशी भ्रमण के लिए

वाराणसी(उत्तरशक्ति)।जनपद में हैदराबाद से काशी विश्वनाथ दर्शन करने आए भाई बहनों ने शहर के होटल सिटी इन में सुसाइड कर लिया। दोनों ने पहले काशी भ्रमण किया और चेक आउट वाले दिन जहर खाकर अपनी जान दे दी। दोपहर बाद जब कमरा नहीं खुला तो होटल स्टाफ ने दरवाजा खटखटाया। उनके मोबाइल नंबर और कमरों के एक्सटेंशन नंबर पर काल की लेकिन कोई जवाब नहीं आया। लंबे इंतजार के बाद 3 बजे सिगरा पुलिस को सूचना दी और पूरा मामला बताया। डीसीपी काशी और एसीपी चेतगंज भी मौके पर पहुंचे और पुलिस ने मास्टर चाबी से ताला खुलवाया।



डीसीपी काशी गौरव बंसवाल, एसीपी चेतगंज ईशान सोनी, प्रभारी निरीक्षक सिगरा संजय मिश्रा और रोडवेज चौकी प्रभारी गौरव सिंह समेत कई पुलिस कर्मी मौके पर है। फोरेंसिक टीम ने फिंगर प्रिंट समेत पूरे कमरे से एवीडेंस उठाए गए है।कमरे के अंदर का नजारा ही डरावना था, दोनों के शव जमीन के अंदर पड़े और उनके मुंह से झाग निकल रहा था। पास के स्टूल पर जहरीली दवाइयां और पानी रखा था। कमरे के बेड साफ सुथरे थे और दोनों ने नीचे बिस्तर लगा रखा था। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए और उनके शव को कब्जे में ले लिया। घचना सिगरा थाना क्षेत्र के परेड कोठी इलाके के होटल सिटी-इन की है। होटल कर्मचारियों ने बताया सुब्बा अपनी बहन के साथ 4 दिन पहले आया था। आधार कार्ड में उनका पता सिंकदराबाद हैदराबाद लिखा है, हालांकि इस पते पर वे 12 साल से नहीं रहते हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की लापरवाही से जनता की सेहत से हो रहा खिलवाड़

**◆ बड़े होटल बचे, छोटे दुकानदार निशाने पर**

विशाल सोनी

शाहगंज, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जनपद की सबसे बड़ी तहसील शाहगंज में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली इन दिनों सवालों के घेरे में है। मिलावटखोरों, गंदगी और



मानकों पर खरे न उतरने वाले होटल, ढाबे व रेस्टोरेंट पर विभाग की नरमी, जबकि छोटे दुकानदारों पर सख्ती, विभाग की दोहरी नीति को उजागर कर रही है।

विभाग द्वारा की जा रही खानापूर्ति भरी जांच के चलते आम जनता को मिलावटी और अस्वस्थ भोजन करने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे लोगों की सेहत के साथ खुला खिलवाड़ हो रहा है।

नगर क्षेत्र में मौजूद ढाबों, होटलों और रेस्टोरेंटों पर शायद ही कभी खाद्य विभाग के अधिकारी गंभीरता से निरीक्षण करते नजर आते हैं। यदि कभी निरीक्षण होता भी है और कमियां पाई जाती हैं, तो सिर्फ नोटिस देकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। नगर से बाहर स्थित ढाबों और होटलों की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। विशेषकर नगर में संचालित अधिकांश चिकन और मटन की दुकानों व होटलों पर साफ-सफाई, स्वच्छ पानी, स्वच्छ कपड़ों में भोजन निर्माण, किचन की सफाई जैसे बुनियादी मानकों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। इन दुकानों पर गंदगी, दूषित पानी और अस्वच्छ वातावरण में खाद्य सामग्री तैयार की जाती है, फिर भी खाद्य विभाग की नजर इन पर नहीं पड़ती।

खाद्य विभाग के अधिकारी छोटे दुकानदारों के यहां घंटों बैठकर जांच के नाम पर कार्रवाई करते हैं, जबकि बड़े होटल और ढाबों पर सिर्फ खानापूर्ति कर लौट जाते हैं। इससे विभाग की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

इस संबंध में जब जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी जगहों पर नियमित जांच की जाती है। यदि कोई होटल या रेस्टोरेंट मानकों के विपरीत कार्य करता पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि जब उनसे नाम और पद पूछा गया तो वे झल्लाकर बोले कि नाम से क्या लेना-देना है। सूत्रों के अनुसार जिला खाद्य अधिकारी का नाम देवाशीष उपाध्याय बताया जा रहा है।

# कंपोजिट विद्यालय सराय त्रिलोकी में मनाया गया 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस'

दानिश सिद्दीकी

जौनपुर (जंक्शन)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में आज 10 फरवरी 2026 को जनपद जौनपुर के विकासखंड बक्सा के कंपोजिट विद्यालय सराय त्रिलोकी में 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' का सफल आयोजन



किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य के संकल्प के साथ कृमि नियंत्रण अभियान चलाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पेट के कीड़ों से सुरक्षित रखने के लिए एल्बेंडाजोल की गोली निशुल्क खिलाई गई। शिक्षकों द्वारा बच्चों को स्वच्छता के महत्व और कृमि संक्रमण से होने वाली बीमारियों (जैसे एनीमिया और कुपोषण) के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक व जिला महामंत्री पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर डॉक्टर मनीष सिंह सोमवंशी, समस्त अध्यापक शिक्षक सुनीता देवी, रेखा चौहान, पंकज कुमार, पिंकी मौर्या, अतुला देवी, के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीना सिंह कंचन देवी व मधु सिंह भी उपस्थित रही।

# घास से एस्ट्रो तक का सफर तय कर बढ़ाया काशी का मान

वाराणसी (उत्तरशक्ति)।जनपद के यूपी कालेज में वर्ष 1987 से 2017 तक भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) तक हॉकी का छात्रावास था। उसके बाद बंद हो गया। इसी घास के मैदान पर ललित उपाध्याय ने खेल कर टोक्यो और पेरिस ओलंपिक तक का सफर तय किया। अर्जुन अवॉर्ड भी मिला। अब स्मार्ट सिटी यहां पर हॉकी का आधुनिक एस्ट्रो टर्फ लगा रहा है। जो बेल्जियम से आयात किया गया है। मंगलवार को हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ एके सिंह की



अगुवाई में कई खेलप्रेमी यूपी कालेज गए। वहां पर ओलंपियन ललित उपाध्याय से मिले और उनके प्रयासों की सराहना की हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ.एके सिंह ने बताया कि उनका प्रयास है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान का नाम ललित उपाध्याय के नाम पर रखा जाए। ताकि युवा खिलाड़ी प्रेरणा ले कि वह भी घास के मैदान से ओलंपिक तक का सफर तय कर सकते हैं। ललित उपाध्याय ओलंपिक में दो कांस्य पदक भी जीता है। तीन विश्व कप हॉकी में हिस्सा ले चुके हैं। दुनिया के सभी हॉकी प्रतियोगिता में खेल चुके हैं। वर्तमान समय खेल कोटा से उत्तर प्रदेश पुलिस में उप अधीक्षक पद पर कार्यरत हैं।

# मझवार आरक्षण विषय पर आगामी बजट सत्र में चर्चा कराने की मांग

## विधायक रमेश सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और कैबिनेट मंत्री डॉ.संजय निषाद से की मुलाकात

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाहगंज के विधायक रमेश सिंह ने रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री से शिष्टाचार भेंट की। विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री से मझवार आरक्षण के महत्वपूर्ण विषय पर आगामी बजट सत्र में चर्चा कराए जाने को लेकर विस्तार से वार्ता की।



विधायक ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष ने विषय की गंभीरता को समझते हुए नियमानुसार उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि मझवार समुदाय को अनुसूचित जाति (एससी) सूची में शामिल करने से इस समुदाय को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इससे समुदाय के लोगों का जीवन खुशहाल एवं सुखमय होगा। बताया कि इस समुदाय के लोगों के अधिकारों के लिए हर संभव लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने कहा कि इस समुदाय के जीवन स्तर में सुधार होगा और सरकारी नौकरी, शिक्षा, छात्रवृत्ति, सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता मिलने के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक विकास के अवसर प्राप्त होंगे।

# पुश्तैनी कुएं पर अवैध कब्जा व निर्माण को लेकर तनाव, मारपीट की आशंका

मीरागंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना मीरगंज क्षेत्र के ग्राम करियांव में स्थित एक पुश्तैनी कुएँ पर अवैध



कब्जा एवं जबरन निर्माण का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि बंदोबस्ती नक्शे में दर्ज कुएँ पर दबंगों द्वारा कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम करियांव निवासी प्रार्थी का कहना है कि उसके पुश्तैनी कुएँ पर अशोक जायसवाल एवं संतोष जायसवाल पुत्रगण बद्री जायसवाल द्वारा बीते 9 फरवरी 2026 से अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। इस संबंध में थाना मीरगंज को सूचना दिए जाने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि 10 फरवरी 2026 को पुनः कुएँ के ऊपर जबरन निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया।

पीड़ित के अनुसार उक्त कुआँ बंदोबस्ती नक्शे में दर्ज है तथा भूमि की नाप का आधार भी है। इसके बावजूद प्रतिवादीगण कानून को हाथ में लेते हुए जबरन निर्माण करा रहे हैं। जब प्रार्थी ने अपने वैधानिक अधिकारों के तहत विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज, धमकी देने के साथ मारपीट पर आमादा हो गए।

पीड़ित का कहना है कि आरोपीगण आर्थिक रूप से संपन्न एवं दबंग प्रवृत्ति के हैं, जो गुंडागर्दी के बल पर कब्जा करना चाहते हैं। उनके इस कृत्य से गांव में तनाव का माहौल है और किसी भी समय गंभीर शांति भंग की घटना घटित हो सकती है। स्थानीय लोगों में भी इस मामले को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर पुलिस बल भेजकर अवैध निर्माण रुकवाया जाए, मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाए तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक ठोस कार्रवाई करता है।

# अलीगंज में संगम ई-बाइक एजेंसी का उद्घाटन

**◆ भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने किया शुभारंभ**

जौनपुर (उत्तरशक्ति) बक्शा क्षेत्र स्थित अलीगंज बाजार में संगम ई इलेक्ट्रिक बाइक-स्कूटर एजेंसी का उद्घाटन किया गया। शिव मंदिर के सामने स्थित इस एजेंसी का शुभारंभ जौनपुर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने फीता काटकर किया। एजेंसी के मालिक और कार्यक्रम आयोजकों ने भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति का स्वागत किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने विधिवत शोरूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। एजेंसी के मालिक राजू प्रजापति और मोनू पाल ने बताया कि उनके एजेंसी में इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक उचित कीमत पर उपलब्ध कराए जाएंगे। ग्राहकों की सुविधा के लिए ऑर्डर पर भी इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध कराने की



व्यवस्था है। उन्होंने यह भी बताया कि त्योहारों के अवसर पर इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक की खरीद पर विशेष छूट और उपहार दिए जाएगा। मालिकों ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बेहतर विकल्प बताया।

इस कार्यक्रम में जौनपुर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति के साथ राहुल प्रजापति जिलाध्यक्ष प्रजापति समाज, रामपलट प्रजापति जिला उपाध्यक्ष प्रजापति समाज, धर्मेन्द्र प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, उमेश यादव पंडित प्रधान प्रत्याशी, सत्यम यादव सत्या जिलापंचायत प्रत्याशी वार्ड नं. 71, जितेंद्र पाल आर.डी प्रेस, प्रेमचंद, पांचू राम, काशी, दिनेश प्रजापति, राजू प्रजापति, मोनू पाल सहित ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# मड़ियाहूं में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र के द्वारा विधानसभा क्षेत्र मड़ियाहू अंतर्गत खंड विकास अधिकारी कार्यालय मडियाहूं के सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत हो रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित ईआरओ, एईआरओ से अब तक निर्गत नोटिस, नोटिस वितरण, फीडिंग, जनसुनवाई, साक्ष्य मिलान सहित अन्य बिंदुओं पर



अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि नोटिस निर्गत करने के उपरांत अनमैप्ड मतदाताओं के साक्ष्य मिलान हेतु सुनवाई की प्रकिया में तेजी लाई जाए, जिससे समयबद्ध रूप से इस कार्य को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि अर्हता आयु पूर्ण कर रहे युवाओं को फॉर्म 6 तथा संशोधन हेतु मतदाताओं को फार्म 8 भरवाया जाए। इस दौरान उन्होंने सुनवाई हेतु उपस्थित अनमैप्ड मतदाताओं से वार्ता भी की तथा उपस्थित वृद्धजन से संवाद करते हुए कम्बल और अंगवस्त्रम भी प्रदान किया। इस अवसर पर ईआरओ नवीन, खंड विकास अधिकारी रामश्री, एईआरओ, सुपरवाइजर, बीएलओ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सारनाथ साहिनाथ मंदिर मार्ग पर लगे दिशा-सूचक बोर्ड

## एनएच-731 पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई नई व्यवस्था

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्शा क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध स्वयंभू सारनाथ साहिनाथ महादेव मंदिर तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अब भटकना नहीं पड़ेगा। मंदिर मार्ग पर दिशा-सूचक बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर भक्तों को सुविधा मिलेगी। पहले मंदिर परिसर तक पहुंचने का मुख्य मार्ग लखनऊ-वाराणसी हाईवे के शम्भूगंज से होकर आता था, जिससे श्रद्धालुओं को आसानी होती थी। हालांकि, नेशनल हाईवे एनएच-731 के निर्माण के बाद मंदिर तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए, मंदिर संरक्षिका पुजारिन माला शुक्ला और मंदिर व्यवस्थापक शिवाजी महाराज के प्रयासों से यह




व्यवस्था की गई है। नेशनल हाईवे एनएच-731 पर शिवगुलामगंज, लखौवां और शम्भूगंज बाजार में मंदिर तक आने वाले रास्तों के पास मंदिर का नाम और तीर के निशान वाले बोर्ड लगाए गए हैं। इन दिशा-सूचक बोर्डों के लगने से अब श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में कोई परेशानी नहीं होगी। इस पहल के लिए श्रद्धालुओं ने मंदिर संरक्षिका माला शुक्ला और व्यवस्थापक शिवाजी महाराज का आभार व्यक्त किया है।

# अनावश्यक है यूजीसी बिल, इससे बढ़ेगा जातिगत भेदभाव: अशोक सिंह

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। देश के संविधान में सामाजिक समरसता और जाति विहीन समाज की स्थापना



के लिए पर्याप्त प्रावधान मौजूद है। ऐसे में विश्वविद्यालय में किसी भी प्रकार के भेदभावपूर्ण नियम बनाना निरर्थक है। जाति वर्ग या वर्ण के नाम पर नए नियम सामाजिक संतुलन को प्रभावित करते हैं इसलिए सरकार को इस विधेयक पर पुनर्विचार करना चाहिए। वहीं सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्रीय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से जुड़े नए विधेयक पर अस्थाई रोक लगाई जाने का कई सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों ने भी स्वागत किया है। उक्त बातें मीडिया से बात करते हुए समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि दूसरी और यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि शिक्षा विशेषज्ञों और शिक्षा जगत के एक बड़े वर्ग का कहना है कि यूजीसी से संबंधित यह नया विधेयक समाज के किसी भी वर्ग या समुदाय के विरुद्ध नहीं है जबकि यह पूरी तरह स्पष्ट है कि ऐसे विधायक लाने से समाज की आपसी भाईचारे की नींव कमजोर होती है। एक वर्ग दूसरे वर्ग से नफरत करने लगता है क्या यह समाज के हित में होगा? सवर्ण और अन्य समुदायों के बीच यह बहुत बड़ी खाई बन सकती है इसलिए इस बिल को निरस्त किया जाना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पहले भी मंडल कमीशन के जरिए इस तरह का प्रयास किया गया था और उसका नतीजा पूरे देश ने भोगा था।

श्री सिंह ने कहा कि यह केवल वोट की राजनीति का स्टंट है केवल वोट की खातिर समाज को बांट देना समझ में आपसी कल पैदा कर देना बिल्कुल ही अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट ने इस विधेयक पर रोक लगाकर एक अच्छा कदम उठाया है लेकिन हमारी मांग है कि इसे पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए। यह बिल समाज में विघटन पैदा करती है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार प्रधान की मौत

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जौनपुर शाहगंज मार्ग पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पास सोमवार की रात 11 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार प्रधान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। जबकि घटना को लेकर तरह-तरह के कयाश लगाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार खम्भौरा गांव के 52 वर्षीय प्रधान रामजन्म यादव बाइक से शहर से घर वापस जा रहे थे, जैसे ही वह जौनपुर शाहगंज मार्ग के पूर्वांचल विश्वविद्यालय चौकी के पास पहुंचे थे, इस दौरान किसी अज्ञात वाहन की चपेट मे आ गये,



उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया और कुचलते हुए वह फरार हो गई। घटना के बाद वहां मौजूद पुलिसकर्मी वह अन्य लोग मौके पर पहुंचे। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी ,लेकिन आनन-फानन में उन्हें लोग जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर आरोपी वाहन फरार हो गई थी, पुलिस वाहन की तलाश में जुट गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने आशंका व्यक्त की कहीं साजिशन घटना को अंजाम दिया गया है। प्रधान रामजन्म यादव काफी मिलनसार थे और वह लोगों की हमेशा मदद करते रहते थे और वह प्राइवेट प्रैक्टिस भी करके लोगों का इलाज भी करते थे। उनकी सेवा भाव के चलते वह कई बार प्रधान रह चुके थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता एनआईसी सभागार में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ0दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत हो रहे कार्यों की एनआईसी सभागार में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गयी। बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के द्वितीय चरण में अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस तामील, सुनवाई सहित अन्य बिंदुओं पर विधानसभावार समस्त ई०आर०ओ एवं ए०ई०आर०ओ० द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी तथा इस दौरान शत प्रतिशत नोटिस तामील करने और साक्ष्य मिलान हेतु सुनवाई में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ए०ई०आर०ओ० को प्रोत्साहित और सम्मानित किया गया साथ ही खराब प्रगति वाले ए०ई०आर०ओ० को चेतावनी देते




हुए अगले 1-2 दिन में सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानंद झा, मुख्य राजस्व अधिकारी, परियोजना निदेशक डी०आर०डी०ए०, समस्त ई०आर०ओ० एवं समस्त ए०ई०आर०ओ०, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उप निदेशक कृषि, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं अधिशासी अभियंता सिचाई विभाग द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## मदरसा बोर्ड परीक्षा में बड़ी लापरवाही, सहायक केंद्र व्यवस्थापक पर एफआईआर के आदेश

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिले में चल रही उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड परीक्षा के दौरान गंभीर खामियां सामने आई हैं। घोर लापरवाही पाए जाने पर उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग वाराणसी ने सख्त रुख अपनाते हुए एक सहायक केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि 9 फरवरी से उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हुई हैं। इसी क्रम में सोमवार को उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग वाराणसी विजय प्रताप यादव ने जौनपुर जिले के परीक्षा केंद्र मखमवा कला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक केंद्र व्यवस्थापक इद्रीश अहमद खान परीक्षा केंद्र से अनुपस्थित पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि सहायक केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा के पहले दिन से ही केंद्र पर उपस्थित नहीं हुए हैं। इस गंभीर अनियमितता को परीक्षा की निष्पक्षता और शुचिता के साथ सीधा खिलवाड़ मानते हुए उप निदेशक ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को आदेशित किया कि संबंधित सहायक केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। उप निदेशक विजय प्रताप यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मदरसा बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## वती संग छेड़खानी में दो के विरुद्ध मुकदमा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जलालपुर थाना क्षेत्र के बहरीपुर गांव के पास सोमवार की शाम को बाजार से घर लौट रही एक 18 वर्षीय युवती के साथ दो बदमाश छेड़खानी करने लगे। युवती के शोर मचाने पर दोनों भाग निकले। गांव निवासी उक्त युवती शाम को राजेपुर बाजार गयी थी। वह बाजार से घर वापस आ रही थी। रास्ते में बाइक सवार दो युवक उसके पास आये। उसके बाद उसका हाथ पकड़ कर खींचने लगे। पहले तो युवती घबरा गयी, परन्तु हिम्मत जुटाकर शोर मचाने लगी। युवती की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल की तरफ भागे। जब तक लोग पहुंचते तब तक दोनो युवक भाग निकले। घटना की सूचना पर थानाप्रभारी गजानन्द चौबे मय फोर्स मौके पर मौके पर पहुंच गये इस बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि बहरीपुर गांव के निवासी सन्दीप कुमार व सनी सरोज के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों के गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाए 32 हजार

खुटहन, जौनपुर (उत्तरशक्ति) । सुइथाखुर्द गांव निवासी युवक अपने खाते से निकले 7 हजार रूपयों की छानबीन करा रहा था कि हैकरो ने एक बार फिर उसके खाते को निशाना बना दिया। तीन बार में 25 हजार उड़ा दिए। उसकी मोबाइल पर आधार कार्ड के लास्ट चार अंक का मैसेज आने के बाद सिम लाक हो गया। पीड़ित मंगलवार को बैंक जाकर खाते की डिटेल निकाला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है। गांव निवासी सिकंदर का यूबीआई बैंक की बिसुनपुर शाखा में खाता है। आरोप है कि एक सप्ताह पूर्व उसके खाते से सात हजार रुपए निकल गये थे। जिसको लेकर वह सोमवार को कस्टमर केयर का आनलाइन नंबर खोज अपने मोबाइल से फोन कर बात किया। कुछ देर बाद मोबाइल पर उसके आधार के अंतिम चार नंबरों का मैसेज आता है। फिर सिम का नेटवर्क गायब हो गया। दूसरे दिन बैंक शाखा पहुंचा तो उसका खाता साफ हो चुका था। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि पैसा तभी निकल सकता है जब आप किसी को ओटीपी बताएंगे या दिए गए लिंक को ओपेन कर देंगे। वहीं पीड़ित का दावा है कि उसने लिंक या ओटीपी शेयर नहीं किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ईंट और पत्थरों से हमला, कई लोग घायल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिले के चंदवक थाना क्षेत्र के बीरीबारी बाजार में मंगलवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना से बाजार और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वंशधारी सेठ और उनके साथियों ने घनश्याम सिंह तथा उनके परिवार पर लाठी-डंडों, ईंट और पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में घनश्याम सिंह पक्ष के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट इतनी भयावह थी कि लोग इधर-उधर भागने लगे और कुछ देर के लिए बाजार बंद जैसा माहौल हो गया। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हमलावर खुलेआम लाठी-डंडों और पत्थरों से लोगों को पीट रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। घटना की सूचना मिलते ही चंदवक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों से जानकारी ली और जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ी घटना हो सकती है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बड़ागांव पेट्रोल के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक की आमने सामने भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। सरपतहा थाना क्षेत्र के दुमदुमा गांव निवासी 35 वर्षीय पंकज कुमार पुत्र ओमप्रकाश मंगलवार की दोपहर अपनी बाइक से घर से शाहगंज आ रहे थे कि रास्ते में दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त युवक की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## बिमारी से तंग युवती ने की आत्महत्या

रियाजुल हक

जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। जफराबाद स्थानीय थाना क्षेत्र के कुतलूपुर गांव निवासी राजेश उर्फ मुन्ना की 22 वर्षीय पुत्री लता ने सोमवार की भोर में ट्रेन से कटकर आ'त्म ह'त्या कर ली प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंडाखास के कुतलूपुर गांव निवासी राजेश उर्फ मुन्ना की पुत्री कि शादी बीते वर्ष जून में हुई थी। लता कई वर्षों से किडनी से सम्बधित बीमारी से जूझ रही थी। सोमवार कि भोर उसने बीमारी से तंग आकर ट्रेन से क'टकर आ'त्मह'त्या कर ली, ग्रामीण जब सुबह शौच के लिए निकले तो उनकी नजर क्षत विक्षत श'व पर पड़ी ग्रामीणों ने इसकी सूचना जफराबाद पुलिस को दी, सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर श'व का पंचनामा करके पोस्ट'मार्टम के लिए भेज दिया तथा युवती की आ'त्मह'त्या कर लेने से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

## विद्यालय से टैबलेट सहित हजारों का सामान उठा ले गए चोर

खुटहन, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्राथमिक विद्यालय गोसाईं पुर के कार्यालय और कक्षा कक्ष के कमरे का ताला रेतकर चोर दो सरकारी टैबलेट, चार्जर और कुर्सियां उठा ले गए। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह होने पर प्रधानाध्यापक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। प्रधानाध्यापक प्रेम चंद यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह सोमवार को तीन बजे बच्चों की छुट्टी होने के बाद विद्यालय में ताला बंद कर घर चला गया। सुबह जब स्कूल पहुंचा तो कार्यालय का ताला टूटा हुआ मिला। भीतर देखा तो दो टैबलेट, चार्जर व पांच कुर्सियां नदारत थीं।

## समाज को बांटने वाली हर बातों का व्यापक विरोध आवश्यक : ज्ञान प्रकाश सिंह



जौनपुर। प्रख्यात समाजसेवी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने नेटफ्लिक्स पर आ रही फिल्म घूसखोर पंडत का कड़ा विरोध करते हुए इस पर बैन लगाने और फिल्म निर्माता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में ब्राह्मणों को ज्ञान, तप, और सदाचार का प्रतीक मानकर सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उनका महत्व वेदों के संरक्षण, अध्यापन (शिक्षण), धार्मिक अनुष्ठान (यज्ञ-पूजा), और समाज को नैतिक मार्गदर्शन प्रदान करने में निहित है। वे सदियों से ज्ञान के संवाहक और आध्यात्मिक गुरु के रूप में भारतीय सभ्यता के स्तंभ रहे हैं। ज्ञान प्रकाश ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा से राष्ट्रभक्त और धर्मनिष्ठ रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस फिल्म का संज्ञान होते ही उन्होंने ऋक्षक्षकरने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज को बांटने वाली हर चीजों का व्यापक स्तर पर विरोध किया जाना चाहिए।

# क्षेत्र पंचायत की अंतिम बैठक में लगभग पाँच करोड़ के विकास प्रस्तावों पर मुहर

-इम्तियाज अहमद

खेतासराय ,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकास खण्ड शाहगंज स्थित सोंधी सभागार में क्षेत्र पंचायत की अंतिम बैठक सकुशल सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के समग्र विकास, विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी (बीडीओ) पीयूष त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व में स्वीकृत 124 विकास कार्यों में से 87 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।



शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन देते हुए उन्होंने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। साथ ही जनहित से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पेयजल, पशुपालन, पेंशन, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। क्षेत्र पंचायत की इस अंतिम बैठक में लगभग पाँच करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिंह विद्यार्थी, मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, डॉ. सूरत बिंद सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह ने कहा कि उनका कार्यकाल लगभग पूरा होने को है और यह पाँच वर्ष कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत एक परिवार की तरह रही है और सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही विकास कार्य संभव हो सके। उन्होंने सभी के सहयोग और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष अशोक यादव डब्लू, अजीम सिद्दीकी, प्रधान महेंद्र, हरिश्याम प्रजापति, नीरज सिंह डब्लू, बाबा सिंह, प्रधान संदीप, मंडल अध्यक्ष उपेंद्रनाथ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन कमलाकांत मौर्य ने किया।

# जिला परिषद चुनाव में अधिक सीटें जीतकर बाजी मार ली भाजपा



मुंबई। राज्य में तीसरे चरण के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीतकर बाजी मार ली है। जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में भाजपा ने महायुति के सहयोगी दलों और महाविकास आघाड़ी के दलों से ज्यादा सीटें जीतकर यह साबित कर दिया है कि राज्य की जनता का जनादेश उसी के पक्ष में है। इसी के साथ यह भी साफ हो गया है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण आज की राजनीति की जोड़ी नंबर - 1 हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व और प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की सशक्त रणनीति के बल पर भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में सबसे ज्यादा सीटें जीतने की एक अनोखी हैट्रिक दर्ज की है। नवंबर में हुए नगर परिषद चुनाव, उसके बाद जनवरी में संपन्न महानगरपालिका चुनाव और अब फरवरी में हुए जिला परिषद चुनाव, इन सभी में देवेंद्र और रविंद्र की इस प्रभावशाली राजनीतिक जोड़ी ने सटीक चुनावी योजना, मजबूत प्रचार तंत्र, स्थानीय स्तर पर संगठन और राज्य स्तर के नेतृत्व के बीच सीधा संवाद और समन्वय स्थापित कर भाजपा की एक सक्षम और मजबूत पार्टी यंत्रणा खड़ी की। इसके चलते स्थानीय नेतृत्व को शीर्ष नेतृत्व का संरक्षण भी मिला और अनुशासन का दबाव भी महसूस हुआ। इसका सकारात्मक असर यह हुआ कि पार्टी ने कई स्थानों पर बेहद चौंकाने वाली और ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस सफलता के प्रमुख शिल्पकार देवेंद्र फडणवीस और इसके कुशल सूत्रधार रविंद्र चव्हाण हैं, इसमें कोई संदेह नहीं।

रविंद्र चव्हाण को एक सिद्ध चुनावी नेता के रूप में जाना जाता है। वे जमीन से जुड़े हुए और कार्यकताओं के बीच रहने वाले प्रदेश अध्यक्ष हैं। चुनाव में आवश्यक साम, दाम, दंड और भेद का संतुलित उपयोग करते हुए भी वे विचारधारा के सूत्र से कार्यकताओं और मतदाताओं को जोड़ने वाला नेतृत्व प्रदान करते हैं। यही कारण है कि दिल्ली और नागपुर, दोनों सत्ता केंद्रों से उनके घनिष्ठ संबंध हैं। साथ ही उन्हें देवेंद्र फडणवीस का निरंतर समर्थन और सहयोग हमेशा प्राप्त होता रहा है।

# स्टे आदेश की खुलेआम अवहेलना, जी-1 गेट जबरन बंद करने का आरोप

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के लखनपुर मोहल्ले में न्यायालय के स्थगन आदेश के उल्लंघन का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता दीपा जायसवाल पत्नी प्रेमचन्द्र जायसवाल ने आरोप लगाया है कि जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा पारित स्टे आदेश के बावजूद विपक्षीगण द्वारा जी-1 गेट को जबरन बंद कर दिया गया, जिससे उनका व्यापार बाधित हो रहा है। पीड़िता के अनुसार, उन्होंने पूर्व में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय लेखपाल से मौके की जांच रिपोर्ट तलब की गई थी। लेखपाल ने




दिनांक 21 जनवरी 2026 को मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां विपक्षी पक्ष द्वारा विवाद उत्पन्न किया गया।

जांच के उपरांत लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद जी-1 गेट को बंद किया गया है। गौरतलब है कि न्यायालय द्वारा आदेशित किया गया था कि आराजी संख्या 153 स्थित जी-1 गेट बंद नहीं किया जाएगा, दोनों पक्षों के आने-जाने में कोई अवरोध नहीं होगा तथा दोनों पक्ष गालवाहक गाड़ी से अपना सामान गोदाम तक ले जाकर स्वतंत्र रूप से व्यापार कर सकेंगे।

इसके बावजूद विपक्षीगण द्वारा पहले अपना माल निकालने के बाद पीड़िता का माल निकालते समय गेट बंद कर दिया गया, जो कि न्यायालय के आदेश की सीधी अवहेलना है। पीड़िता दीपा जायसवाल ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए स्थगन आदेश का तत्काल अनुपालन कराया जाए तथा जी-1 गेट खुलवाया जाए, जिससे उन्हें न्याय मिल सके।

## डीएम ने रामनगर सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ०दिनेश चंद्र ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेबर रूम, दवा वितरण कक्ष, महिला वार्ड, ड्रग स्टोर सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने चीफ फार्मासिस्ट से एंटी स्नेक वेनम एवं एंटी रेबीज इंजेक्शन की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर अवगत कराया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दोनों ही प्रकार के इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ०अभिषेक कुमार सिंह को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले प्रत्येक मरीज को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक दवाएं केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। साथ ही मरीजों के बैठने, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संस्थागत प्रसव को और अधिक बढ़ाए जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ०अभिषेक कुमार सिंह, महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ०रुचि सिंह, डॉ०त्रिभुवन यादव, फार्मासिस्ट हृदय नारायण, पवन कुमार दीक्षित, टीबी एलटी दीप नारायण सिंह, स्टाफ नर्स प्रेमशिला सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## इंजीनियरिंग के छात्र का अमेजन में हुआ चयन



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान में बीटेक की पढ़ाई कर रहे छात्र आदित्य तिवारी को अमेजन कंपनी की तरफ से जॉब ऑफर दिया गया। बलिया जिले के रहने वाले छात्र आदित्य तिवारी पहले भी कई प्रोजेक्ट में कार्य कर चुके हैं। आदित्य वर्तमान में विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान में बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं। वह कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के छात्र हैं। आदित्य को यह जॉब ऑफर ऑफ कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से अमेजन कंपनी ने दिया है। अमेजन ने इनका पांच राउंड का इंटरव्यू लिया तथा इनकी तकनीकी दक्षता को देखते हुए इनको यह जॉब का ऑफर दिया। इसके पहले भी आदित्य का चयन आईबीएम कंपनी में इंटर्नशिप के लिए हुआ था। वर्तमान में आदित्य विश्वविद्यालय में चल रही आई ट्रिपल ई स्टूडेंट ब्रांच का चेयर भी हैं। आदित्य ने अपनी सफलता के लिए अपने शिक्षकों और विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया। इंजीनियरिंग संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रो सौरभ पाल, कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष डॉ विक्रांत भटेजा ने आदित्य को शुभकामनाएं दिया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो वंदना सिंह ने इस सफलता पर विभाग के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन के लिए सराहना करते हुए आदित्य को शुभकामनाएं दी।

## भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स शेरपा की पहली बैठक, वैश्विक सहयोग पर मंथन




नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में 9 फरवरी को ब्रिक्स देशों की पहली शेरपा और सूस-शेरपा बैठक शुरू हुई। भारत की अध्यक्षता में शुरू हुई इस तीन दिवसीय बैठक में भारत के ब्रिक्स शेरपा और विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) सुधाकर दलेला ने पीएम मोदी की 'जन केंद्रित' और 'मानवता प्रथम' दृष्टिकोण पर आधारित भारत की प्राथमिकताओं को साझा किया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोगों को केंद्र में रखने तथा मानवता पहल के विजन पर आधारित होकर भारत ब्रिक्स को आगे बढ़ाना चाहता है। बैठक में ग्रुप के अंदर मुख्य प्राथमिकताओं, तालमेल और सहयोग पर चर्चा होगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सचिव (आर्थिक संबंध) और भारत के ब्रिक्स शेरपा, सुधाकर दलेला मीटिंग में हिस्सा ले रहे हैं। चर्चा में चीन के उप विदेश मंत्री मा झाओक्सू और भारत में बेलारूस गणराज्य के राजदूत एम. कास्को भी शामिल हुए। अपने भाषण में राजदूत कास्को ने बेलारूस को न्योता देने के लिए भारत का शुक्रिया अदा किया, क्योंकि ब्रिक्स पार्टनर देशों के रिप्रेजेंटेटिव ने पहले ऐसी मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया था।

पोस्ट में इवेंट के बारे में अन्य जानकारी शेयर करते हुए जायसवाल ने बताया कि शेरपा दलेला ने भारत की अध्यक्षता की मुख्य प्राथमिकताएं बताईं, जो ब्रिक्स के लिए प्रधानमंत्री के पीपल-सेंट्रिक और ह्यूमैनिटी-फर्स्ट अप्रोच के विजन पर टिकी हैं और बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन तथा सस्टेनेबिलिटी की ओवरआर्चिंग थीम के साथ जुड़ी हैं। इस मीटिंग से इस साल के आखिर में होने वाली ब्रिक्स की कई मीटिंग्स के लिए ग्राउंडवर्क तैयार होने की उम्मीद है, जिसमें मिनिस्टीरियल-लेवल मीटिंग्स और ब्रिक्स समिट शामिल हैं। इसका मकसद इकोनॉमिक, डेवलपमेंटल और ग्लोबल गवर्नेंस के मुद्दों पर कोऑपरेशन को मजबूत करना भी है। खास बात यह है कि यह चौथी बार है, जब भारत ने ब्रिक्स की अध्यक्ष

## धोखे से शादी कराकर पैसों की ठगी करने वाले गिरोह का या भण्डाफोड़, आरोपी गिरफ्तार



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम ने मु0अ0स0-0063/26 से सम्बन्धित मनोज कुमार पुत्र रामशिरोमणि चम्बलतारा में स्थित गौतम बुद्ध स्कूल के पास से कही जाने की फिराक में था। मुखबीर खास की सूचना पर विश्वाश कर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुच कर दबिस देकर पकड लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम मनोज पुत्र रामशिरोमणि निवासी ग्राम इब्राहिम पुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ बताया। पूछताछ पर बताया कि हम लोगो की एक टीम है शादी के लिए जरुरत मंद लोगो को लुभावने आफर देकर लड़की दिखाने के नाम पर बुलाते है और फिर बातों में उलझाकर उनका सारा पैसा व गहने हम लोग ठगी कर लेते है। दिनांक 07.02.26 को भी लुधियाना से एक पार्टी आयी थी, जिससे हम लोगो ने एक अंगूठी एक चैन और 5100/- रुपये नकद की ठगी किये थे।

मेरे टीम में कई लोग है उस दिन मेरे टीम में लड़की, बबिता, रिशभ, राजू , किशन व चन्दन साथ में थे। हिसाब किताब के बाद मेरे हिस्से में 5100/- रुपये नगद आया था। जिसमें से कुछ पैसे खाने पीने में खर्च हो गये है शेष पैसे मेरे जेब में मौजूद है। जामा तलाशी लिया गया तो मनोज के पहने पैंट के दाहिने जेब से 2800/- रुपये नकद जिसमें पाँच सौ रुपये के पाँच व 100 रुपये के तीन नोट बरामद हुए। मनोज उपरोक्त से बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि करते हुए मनोज को उसके किये अपराध से अवगत कराते हुये गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

## ड्रोवी ड्रॉइंग प्रतियोगिता सीजन 2: का आयोजन

मुंबई। हर बच्चे के अंदर एक कलाकार छुपा होता है, और चित्रकला उसे अपनी दुनिया रंगों के जरिए बनाने का मौका देती है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए, अपने पहले सीजन में शानदार प्रतिक्रिया मिलने के बाद, ड्रोवी एक बार फिर अपनी लोकप्रिय राज्य स्तरीय ड्रॉइंग प्रतियोगिता - सीजन 2 लेकर आ रहा है। "Bored? Good! IdeÔs Flood!" इस थीम के माध्यम से बच्चों को अपने खाली समय को रचनात्मक और रंगीन कल्पनाओं में बदलने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

प्रतियोगिता का ड्रोवी बॉय ब्रॅंड का प्यारा मैस्कॉट इस प्रतियोगिता का आकर्षण रहेगा जो बच्चों मे मस्ती का माहोल बनाएगा। यह प्रतियोगिता महाराष्ट्र के प्रमुख शहरों जैसे मुंबई, पुणे, संभाजीनगर, कोल्हापुर, सोलापुर, अकोला, अमरावती, नागपुर, नाशिक और सातारा में आयोजित की जा रही है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के इंदौर, रतलाम, खंडवा तथा अन्य शहरों जैसे निजामाबाद में भी इसका आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में संबंधित शहरों के प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ सहयोग कर रहे हैं, जो पुरस्कार वितरण में जज और मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को सहभागिता ई-प्रमाणपत्र दिया जाएगा, जिससे उनके प्रयास और रचनात्मकता को सम्मान मिलेगा। प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2026 है और परिणाम 28 फरवरी 2026 को घोषित किए जाएंगे। प्रतिभागी अपनी एंट्री बाल रोग (पीडियाट्रिक) क्लिनिक, रिटेल आउटलेट्स या दफकोड के जरिए ऑनलाइन सबमिट कर सकते हैं। बाल रोग विशेषज्ञों, माता-पिता और सहयोगी संस्थाओं के मजबूत समर्थन और ड्रोवी बॉय के साथ मिलकर, यह प्रतियोगिता हर एक ड्रॉइंग के जरिए मुस्कान, कल्पना और रचनात्मकता फैलाने का प्रयास हैं। रजिस्ट्रेशन और भाग लेने के लिए नीचे दिए गए दफकोड स्कैन करें या व्हाट्सएप पर 9930031582 पर "Hi" मैसेज भेजें।






## मराठी ZEE5 13 फरवरी को रेनुका शहाणे और अभिनय बेर्डे अभिनीत उत्तर घर लेकर आ रहा है



ठाणे। एक ऐसी दुनिया में जो लगातार आगे भाग रही है, उत्तर रुककर एक सवाल पूछता है–जिसे हम अक्सर चुपचाप बचते रहते हैं। उन चीजों का क्या होता है जिन्हें हम बाद के लिए टाल देते हैं? अनकहा प्यार। सच जिसे टाला गया हो। और वह माफी, जिसके लिए हम मान लेते हैं कि वक्त हमेशा रहेगा। थिएटर्स में अपनी सादगी भरी भावनात्मक सच्चाई से दिलों को छूने के बाद, उत्तर अब देशभर के दर्शकों तक पहुँचने के लिए तैयार है, इसका वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर 13 फरवरी को मराठी ZEE5 पर होगा। एक गहरी भावनात्मक और निजी मानवीय कहानी, उत्तर टालने की कीमत को दिखाती है–चाहे वह प्यार हो, रिश्ते हों, माफी हो या अपनी पहचान। रोजमर्रा की ज़िंदगी की सच्चाई से जुड़ी यह फि ल्म अपनी भावना में सार्वभौमिक है। यह उन नाजुक पलों को दर्शाती है जब समय हमारे हाथों से फिसल जाता है और ज़िंदगी ऐसे सवाल सामने रख देती है, जिनके जवाब देने के लिए हम तैयार नहीं होते। संवेदनशीलता, सादगी और सच्ची भावनाओं के साथ कही गई यह कहानी आखिरी दृश्य के बाद भी मन में बनी रहती है और हमें उन पलों और रिश्तों के बारे में सोचने पर मजबूर करती है, जिन्हें हम यह मानकर टाल देते हैं कि वे हमेशा रहेंगे। फि ल्म के केंद्र में माँ-बेटे का एक कोमल और जटिल रिश्ता है, जो प्यार, महत्वाकांक्षा और धीरे-धीरे बढ़ती चुप्पियों से बनता है। उमा, एक ऐसी माँ हैं जिनकी ममता चुपचाप पूरे परिवार को जोड़े रखती है, और निनाद, एक युवा जो ज़िंदगी में आगे बढ़ते-बढ़ते अनजाने में अपने घर से दूर होता जा रहा है। दोनों बिना किसी टकराव या दोष के, भावनात्मक दूरी को समझने की कोशिश करते हैं। आधुनिक जीवन की गति और पीढ़ियों के बदलाव की पृष्ठभूमि में, उत्तर यह दिखाता है कि रिश्ते अक्सर झगड़ों से नहीं टूटते, बल्कि सही पल, सही शब्दों, और सही समय के इंतजार से टूटते हैं। क्षितिज पटवर्धन द्वारा लिखित और निर्देशित, तथा Zee Studios और जैकपॉट एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित उत्तर में रेणुका शहाणे और अभिनय बेर्डे ने बेहद प्रभावशाली अभिनय किया है। हृता दुर्गुले और निर्मिती सावंत भी अपने सशक्त अभिनय से कहानी को और गहराई देते हैं।

## इकोफाई की एथर एनर्जी के साथ साझेदारी



मुंबई। एवरसोर्स कैपिटल द्वारा समर्थित एक अग्रणी ग्रीन-ऑन्ली एनबीएफसी इकोफाई ने आज भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं में से एक, एथर एनर्जी के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इससे वह एथर के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर इकोसिस्टम में पसंदीदा फाइनेंसिंग पार्टनर के रूप में काम करेगी। स्थिरता और क्लाइमेट-पॉजिटिव विकास के लिए गहराई से प्रतिबद्ध दो संस्थानों को एक साथ लाते हुए इस साझेदारी का लक्ष्य स्पेशल ग्रीन फाइनेंसिंग समाधानों तक पहुंच में सुधार कर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अपनाने में तेजी लाना है। इस सहयोग से इकोफाई ने साझेदारी के तहत फाइनेंसिंग जरूरतें पूरी करने के लिए 100 करोड़ रुपये की पूंजी लगाने की योजना बनाई है, जिससे ईवी ओनरशिप लाइफसाइकल में सामर्थ्य, लचीलापन और ग्राहक पसंद में वृद्धि होगी।

इस साझेदारी के तौर पर, इकोफाई एथर एनर्जी के ग्राहकों को अपने विविध ग्रीन फाइनेंसिंग विकल्पों तक पहुंच प्रदान करेगा, जिसमें व्हीकल लोन, लीजिंग सॉल्युशन, एश्योर्ड बायबैक स्ट्रक्चर और बैटरी-एज-ए-सर्विस शामिल हैं। ये सॉल्युशन शुरूआती लागत को कम कर ओनरशिप की कुल लागत में सुधार करके और एसेट के मूल्य और बैटरी परफॉर्मेंस के बारे में अधिक निश्चितता प्रदान करके ईवी अपनाने में प्रमुख बाधाओं को दूर करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

इकोफाई की को-फाउंडर, एमडी और सीईओ, राजश्री नांबियार ने कहा, क्लीन ट्रांसपोर्टेशन भारत के ग्रीन ट्रांजिशन के लिए महत्वपूर्ण है, और व्यापक रूप से ई-व्हीकल्स को अपनाना सही फाइनेंसिंग समाधानों तक पहुंच पर निर्भर करता है। एथर एनर्जी के साथ हमारी साझेदारी मजबूत प्रोडक्ट ऑफरिंग और स्पेशलाइज्ड ग्रीन फाइनेंस को साथ लाती है, जिससे ग्राहकों को आत्मविश्वास, सामर्थ्य और लचीलेपन के साथ ईवी अपनाने में मदद मिलती है।

एथर एनर्जी के चीफ बिजनेस ऑफिसर, रवनीत फोकेला ने कहा, इलटू-व्हीलर खरीदने की यात्रा में फाइनेंसिंग एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, खासकर उन ग्राहकों के लिए जो पहली बार ईवी खरीदना चाह रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में हमने बाजारों में एथर को सुलभ बनाने के लिए एक मजबूत फाइनेंसिंग इकोसिस्टम बनाने पर काम किया है। इकोफाई के साथ यह साझेदारी एथर खरीदने वाले ग्राहकों के लिए उपलब्ध फाइनेंसिंग विकल्पों की श्रृंखला को और व्यापक बनाती है, जिससे खरीद और ओनरशिप की यात्रा को नेविगेट करना आसान हो जाता है। यह निर्णय लेने की प्रक्रिया को सरल बनाने में मदद करता है और इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स तक व्यापक पहुंच का समर्थन करता है।

यह साझेदारी इस साझा विश्वास पर आधारित है कि भारत की ईवी अपनाने की यात्रा प्रोडक्ट इनोवेशन और स्केलेबल ग्रीन फाइनेंस तक

## पीएनबी ने अपने 132वें स्थापना दिवस के पूर्व पीएनबी सोल्जरथॉन 2026 घोषणा की



मुंबई, 09 फरवरी 2026: देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने आज अपने द्वारका स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में 'पीएनबी सोल्जरथॉन 2026' की घोषणा की, जो बैंक के 132वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोहों की शुरुआत का प्रतीक है। यह पीएनबी की इस प्रतिष्ठित मैराथन का दूसरा संस्करण है और इस वर्ष, यह हाफ मैराथन 'सोल्जरथॉन' थीम के तहत आयोजित की जा रही है, जो भारतीय सशस्त्र बलों के सम्मान के प्रति बैंक की अटूट प्रतिबद्धता के साथ-साथ फिटनेस, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने के संकल्प को दोहराती है। प्री-लॉन्च समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मेजर डॉ. सुरेंद्र पूनिया (वीएसएम), लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर और भारतीय सेना के पूर्व स्पेशल फोर्सेस अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर बैंक के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र, कार्यपालक निदेशकगण, वरिष्ठ अधिकारी, सशस्त्र बलों एवं पूर्व सैनिक समुदाय के प्रतिनिधि और मैराथन धावक भी उपस्थित रहे। PNB सोल्जरथॉन 2026 - सैनिकों के साथ दौड़, सैनिकों के लिए दौड़ की एक देशव्यापी आंदोलन के तौर पर परिकल्पना की गई है, जिसका उद्देश्य सैनिकों, दिग्गजों, नागरिकों, युवाओं और फिटनेस प्रेमियों को एक साथ लाना है, जो सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के पीएनबी के व्यापक लक्ष्य को सुदृढ़ करता है।

## मुंबई के आशीहारा कराटे खिलाड़ियों का गोवा में शानदार प्रदर्शन



मुंबई। आशीहारा कराटे इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2026 का सफल आयोजन 6 से 8 फरवरी के दौरान मनोहर पर्रीकर इंडोर स्टेडियम, मडगांव, गोवा में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में मुंबई के आशीहारा कराटे इंटरनेशनल के खिलाड़ियों ने काता और कुमिते दोनों वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 4 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। इस सफलता में विशेष रूप से दक्ष और स्वयम गुप्ता सहित सभी खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उनके शानदार प्रदर्शन से मुंबई का नाम रोशन हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में मडगांव पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक विनायक जाधव, पत्रकार के. वाय. पटेलकर, नयना पाटिल, फाल्गुनी शाह, निक्की शाह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गोवा से पहुँचे खिलाड़ियों का नंदा जाधव, रीता कांबले, निखिल पाटिल, महेंद्र शिंदे और गोपालकृष्ण डॉ. सचिन सिंह, चंदवीर यादव, मैथ्यून चेयरियन ने अभिनंदन किया। इन खिलाड़ियों को मुख्य प्रशिक्षक दयाशंकर पाल के कुशल मार्गदर्शन का लाभ मिला, जिसके कारण यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हो सकी।

## सिटी इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने किया विद्यालय का नाम रोशन



जौनपुर। जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता में सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित सिटी इंटरनेशनल स्कूल, पिलकिछा खुटहन की छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, तीनों स्थानों पर कब्जा कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। सातवीं की तीन छात्राओं में से सेजल यादव ने प्रथम स्थान, वैष्णवी सिंह ने द्वितीय स्थान तथा रागिनी निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय परिवार के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि आने वाली पीढ़ी के सभी विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्रोत है। यह सफलता यह संदेश देती है कि सही दिशा, निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक तथा पूर्व ब्लाक प्रमुख राजीव यादव ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## अंश की घातक गेंदबाजी और हमीद की दमदार पारी, एवी स्पोर्ट्स एलएससी क्लब सेमीफाइनल में दाखिल

### सगीर अहमद स्मृति अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग में स्टेडियम इलेवन को 5 विकेट से हराकर एवी स्पोर्ट्स ने दर्ज की शानदार जीत



वाराणसी। जडन क्रिकेट ग्राउंड पर मंगलवार को खेले गए सगीर अहमद स्मृति अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग के रोमांचक मुकाबले में एवी स्पोर्ट्स एलएससी क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेडियम इलेवन को 5 विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बना ली। मुकाबले में स्टेडियम इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टेडियम इलेवन की टीम 34.4 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 154 रन ही बना सकी। टीम की ओर से अर्पित सिंह ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए 49 गेंदों पर नाबाद 46 रन बनाए, जबकि अजित कुमार ने 59 गेंदों का सामना करते हुए 45 रन का योगदान दिया। एवी स्पोर्ट्स एलएससी क्लब की ओर से गेंदबाजी में अंश यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके, वहीं आतिर रजा ने भी सधी हुई गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट अपने नाम किए।155 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एवी स्पोर्ट्स एलएससी क्लब की टीम ने संतुलित बल्लेबाजी का परिचय दिया।

टीम की ओर से अब्दुल हमीद ने शानदार आक्रामक पारी खेलते हुए 38 गेंदों पर नाबाद 53 रन बनाकर जीत की नींव रखी। उनके अलावा तन्मय श्रीवास्तव ने उपयोगी योगदान देते हुए 37 रन बनाए और टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया।स्टेडियम इलेवन की ओर से गेंदबाजी में अर्पित सिंह ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट हासिल किए, लेकिन वह टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो सके। इस मुकाबले में अपने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए अंश यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ ही एवी स्पोर्ट्स एलएससी क्लब ने टूनामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर खिताब की दावेदारी मजबूत कर दी है।

## 60 साल के ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा उपचार अभियान का शुभारंभ



दिवा (ठाणे)। धड़कबाज युवा प्रतिष्ठान महाराष्ट्र राज्य की ओर से महाराष्ट्र के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क चिकित्सा उपचार अभियान का शुभारंभ दिवा शहर में किया गया। यह अभियान समाजसेवा की भावना से प्रेरित एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत न्यूरोपैथी एवं एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद जाधव के माध्यम से सांची न्यूरोपैथी एक्यूपंक्चर क्लिनिक, दिवा (पूर्व) में वरिष्ठ नागरिकों को हड्डियों, जोड़ों और तंत्रिका तंत्र से संबंधित रोगों का उपचार पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इस निःशुल्क उपचार में पक्षाघात, गंभीर घुटनों का दर्द, सायटिका, कमर दर्द, गर्दन दर्द, नस दबना, पीठ दर्द, रीढ़ की हड्डी के विकार, जोड़ों की घिसावट, फ्रोजन शोल्डर, संधिवात, हाथ-पैरों में झनझनाहट, लकवा, मधुमेह, गैस्ट्रिक, वजन असंतुलन, महिलाओं के रोग, पेट के विकार, थायरॉइड, हृदय, लीवर, किडनी, त्वचा, आंख, कान, नाक व गले से संबंधित अनेक बीमारियों पर प्रभावी उपचार किया जा रहा है। यह उपचार प्राकृतिक पद्धति से, बिना दवाइयों एवं बिना ऑपरेशन के, किसी भी साइड इफेक्ट के बिना सुरक्षित रूप से किया जा रहा है। यह अभियान प्रतिदिन सायंकाल 6 बजे से रात 10 बजे तक संचालित किया जाएगा तथा 10 फरवरी 2025 से वर्ष 2030 तक दीर्घकालीन रूप से चलाया जाएगा। इस अवसर पर धड़कबाज युवा प्रतिष्ठान के संस्थापक अध्यक्ष अमोल धनराज केंद्रे, सौ. अश्विनी अमोल केंद्रे, कार्याध्यक्ष अभयलाल दुबे, उपसचिव राजू प्रसाद गुप्ता, उप-कोषाध्यक्ष कु. अनिल रामपाल मौर्या, तथा प्रियेश धाडवे और रणजीत मौर्या ने डॉ. प्रमोद जाधव का सत्कार कर वरिष्ठ नागरिकों के निःशुल्क उपचार अभियान की औपचारिक शुरूआत की। संस्थापक अध्यक्ष अमोल धनराज केंद्रे ने महाराष्ट्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों से इस सुवर्ण अवसर का अधिक से अधिक लाभ

## समाज को बांटने वाली हर बातों का व्यापक विरोध आवश्यक: ज्ञान प्रकाश सिंह



जौनपुर। प्रख्यात समाजसेवी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने नेटफ्लिक्स पर आ रही फिल्म घूसखोर पंडत का कड़ा विरोध करते हुए इस पर बैन लगाने और फिल्म निमार्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में ब्राह्मणों को ज्ञान, तप, और सदाचार का प्रतीक मानकर सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उनका महत्व वेदों के संरक्षण, अध्यापन (शिक्षण), धार्मिक अनुष्ठान (यज्ञ-पूजा), और समाज को नैतिक मार्गदर्शन प्रदान करने में निहित है। वे सदियों से ज्ञान के संवाहक और आध्यात्मिक गुरु के रूप में भारतीय सभ्यता के स्तंभ रहे हैं। ज्ञान प्रकाश ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा से राष्ट्रभक्त और धर्मनिष्ठ रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस फिल्म का संज्ञान होते ही उन्होंने ऋक्कक करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज को बांटने वाली हर चीजों का व्यापक स्तर पर विरोध किया जाना चाहिए।

## जेनेराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने हियर नाउ के अगले चरण की शुरूआत की

मुंबई। जेनेराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने राष्ट्रीय ब्रांड अभियान 'हियर नाउ' के अगले चरण की शुरूआत की है, जिसमें जीवन के दो महत्वपूर्ण चरणों - बच्चों के भविष्य की आकांक्षाओं और सेवानिवृत्ति सुरक्षा - में जीवन बीमा समाधान उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है। GCLI 2025 में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का संयुक्त उद्यम भागीदार बना, जिसके बाद कंपनी अपनी नई पहचान को आधार पर यह अभियान चलाते हुए लोगों और परिवारों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की दिशा में प्रयास कर रही है। यह अभियान लोगों को आज ही सोच-समझकर वित्तीय निर्णय लेने के लिए प्रेरित करता है, ताकि वे एक सुरक्षित और मजबूत भविष्य बना सकें। जीवन के सच्चे साथी की तरह, जेनरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस जीवन के हर चरण में ग्राहकों के साथ खड़ी रहती है—चाहे वह बच्चों के भविष्य की योजना हो या चिंता-मुक्त सेवानिवृत्ति की तैयारी—और उनकी पूरी वित्तीय यात्रा में निरंतर सहयोग प्रदान करती है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, जेनरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ आलोक रुंगटा ने कहा कि जनवरी से मार्च का समय जीवन बीमा से जुड़े वित्तीय फैसलों के लिए बेहद अहम होता है, जब लोग बच्चों के भविष्य और सेवानिवृत्ति सुरक्षा जैसी प्राथमिकताओं पर नए सिरे से विचार करते हैं। इस पहल के माध्यम से कंपनी जीवन बीमा को केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि सपनों को साकार करने का माध्यम मानने की सोच को बढ़ावा दे रही है। यह अभियान जीवन बीमा को बच्चों की शिक्षा, दीर्घकालिक लक्ष्यों और सेवानिवृत्ति योजना के लिए एक सशक्त साधन के रूप में प्रस्तुत करता है। अभियान फिल्मों में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और सेवानिवृत्ति के बाद भी सक्रिय जीवन को प्रेरणादायक ढंग से दिखाया गया है, जो यह संदेश देता है कि आज की सही योजना कल के सपनों को पूरा करने की ताकत देती है। जेनरली सेंट्रल लॉन्ग टर्म इनकम प्लान, मनी बैक सुपर प्लान और एश्योर्ड एजुकेशन प्लान जैसे उत्पाद बच्चों के भविष्य के लिए, जबकि लाइफटाइम पार्टनर प्लान सहित अन्य योजनाएं सेवानिवृत्ति आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त समाधान प्रदान करती हैं। यह अभियान देशभर में आउट-ऑफ-होम, टेलीविजन, डिजिटल, रेडियो और क्षेत्रीय मीडिया के माध्यम से चलाया जा रहा है, जो जीवन बीमा को सरल, सुलभ और अधिक प्रासंगिक बनाने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शार्ता है।

## पालघर कलेक्टर कार्यालय में पालक मंत्री गणेश नाईक की मौजूदगी में जनता दरबार संपन्न




पालघर। आज पालघर जिला कलेक्टर कार्यालय में माननीय महाराष्ट्र राज्य वन मंत्री एवं पालघर जिले के पालक मंत्री गणेश नाईक की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न हिस्सों से आए आम नागरिकों ने वर्षों से लंबित अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे पालक मंत्री के समक्ष रखीं। जनता की बातों को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनते हुए पालक मंत्री श्री गणेश नाईक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर और जल्द से जल्द किया जाएगा। यह जनता दरबार केवल एक औपचारिक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के लिए राहत और विश्वास का मंच साबित हुआ। लंबे समय से परेशान नागरिकों के लिए यह एक भावनात्मक क्षण था, जिसने प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया। इस अवसर पर पालघर जिले की विधायक श्रीमती स्नेहा दुबे पंडित, विधायक राजन नाईक, विधायक विलास तारे, जिला कलेक्टर श्रीमती इंदुरानी जाखड़ सहित विभिन्न प्रशासनिक विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। संवेदनशील नेतृत्व और जनसुनवाई की इस पहल ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि सरकार और प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

## आजमगढ़ में बंदर के अचानक कूदने से बाइक सवार देवर भाभी घायल

आजमगढ़ ( उत्तरशक्ति )। शहर के नए पुल बाय पास सर्विस रोड व्यास नगर में इन दिनो बंदरो का आतंक मचा हुआ है। आज दोपहर जौनपुर से अपनी भाभी को लेकर दवा दिलाने आ रहे एक युवक के ऊपर बंदर के अचानक कूद जाने से वो असंतुलित होकर बाइक सहित गिर गया उसके साथ बैठी उसकी भाभी भी घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया ।पूछने पर युवक ने अपना नाम अतीक बताया उसने बताया कि वे जौनपुर से बाइक से दवा दिलाने आए है उसके साथ उसकी भाभी शगुफ्ता परवीन थी।

## डॉक्टर सावरा ने अरविंद मध्यवरती और हायर सेकंडरी आश्रम स्कूल को दी शुभ कामना

वसईरोड। अरविंद मध्य और हायर सेकेंडरी आश्रम स्कूल, दादे ताल. विक्रमगढ़, जिला पालघर ने क्लास 10वीं और 12वीं (एकेडमिक ईयरः 2024-2025) के स्टूडेंट्स के लिए ब्लेसिंग सेरेमनी ऑर्गनाइज



की।स्टूडेंट्स के ब्राइट अरविंद मध्य और हायर सेकेंडरी आश्रम स्कूल, दादे ताल. विक्रमगढ़, जिला पालघर ने क्लास 10वीं और 12वीं(एकेडमिक ईयरः 2024-2025) के स्टूडेंट्स के लिए ब्लेसिंग सेरेमनी ऑर्गनाइज की। स्टूडेंट्स के ब्राइट फ्यूचर की कामना करते हुए, उन्हें अपनी सफल यात्रा के लिए कॉन्फिडेंस, कड़ी मेहनत और अटूट लगन मिले, यही उनकी शुभकामना करते हुए, पालघर खासदार डॉक्टर हेमंत सावरा ने उन्हें अपनी सफल यात्रा के लिए कॉन्फिडेंस, कड़ी मेहनत और अटूट लगन मिले, यही उनकी बेस्ट विश है।

## अजिता नायर एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य आयोजन

मुंबई। कुर्ला में उत्साह, ऊर्जा और उल्लास का वातावरण देखने को मिला जब अजिता नायर एजुकेशनल ट्रस्ट ने 7 फरवरी 2026 को कोहिनूर टर्फ में अपने वार्षिक खेल महोत्सव 2.0 का सफल आयोजन किया। इस भव्य खेल आयोजन ने छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और विशिष्ट अतिथियों को एक साथ लाकर खेल भावना और समग्र शिक्षा का सुंदर उत्सव प्रस्तुत किया। इस आयोजन में नायर इंटरनेशनल प्री-स्कूल और रोशन इंग्लिश हाई स्कूल के 700 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जबकि 600 से अधिक अभिभावकों ने अपने नन्हे खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया। पूरा परिसर उत्साह और प्रोत्साहन से गूंज उठा। विभिन्न आयु वर्गों के लिए कई रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक खेल आयोजित किए गए, जिनमें बनी रेस, पिकनिक रेस, थ्री-लेग रेस, कोन पिरामिड रेस, ऑब्स्टेकल रेस सहित अनेक गतिविधियाँ शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, अभिभावकों के लिए लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई सांत्वना पुरस्कारों के साथ तीन मुख्य पुरस्कार दिए गए, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दिलीप लांडे रहे। कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ऋषि कुमार शुक्ला, ACP सुधीर हिरडेकर, कॉरपोरेटर अरशद आजमी, ट्रस्टी निलेश कोरे, तथा सामाजिक क्षेत्र, पुलिस विभाग और मीडिया जगत के अनेक गणमान्य मौजूद रहे। खेल महोत्सव की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे वरिष्ठ पत्रकार एवं आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली, पत्रकार शिवदिनेश शर्मा और अजिता नायर (अम्मा) ने सम्पन्न किया।सभी अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को पदक, प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन संस्थान की पूर्व छात्रा सफा साजिद सलमानी ने किया। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्राथमिक विभाग का नेतृत्व प्रधानाध्यापक एवं ट्रस्टी शशांत शिवदासन नायर ने किया। खेल गतिविधियों का उत्कृष्ट संचालन पीटी शिक्षिका नीता विरकर द्वारा किया गया। माध्यमिक विभाग का मार्गदर्शन प्रधानाध्यापिका शरिया खान ने अपनी टीम के साथ किया। प्री-प्राइमरी विभाग का संचालन मिस्बाह सैयद (कुर्ला शाखा) एवं शमा शेख (जरीमारी शाखा) ने किया। कार्यक्रम का समापन अजिता नायर एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल रामचंद्रन नायर द्वारा प्रस्तुत आभार प्रदर्शन से हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों अभिभावकों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का धन्यवाद व्यक्त किया। यह खेल महोत्सव अनुशासन, टीमवर्क और शारीरिक स्वास्थ्य के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास की ट्रस्ट की सोच को साकार करता हुआ सभी के लिए यादगार बन गया।

## साहित्य संगम संस्था का सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन संपन्न



मुंबई। साहित्य संगम संस्था द्वारा आयोजित सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन मुंबई के मालाड पूर्व स्थिति शारदा ज्ञानपीठ महाविद्यालय सभागृह में सम्पन्न हुआ। उद्योगपति राम कुमार पाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीमती जुग्गी हरिनाथ सिंह और श्रीमती ललिता प्रेम सिंह को शिक्षा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। हास्य कवि सुरेश मिश्र के संचालन में पं. राम व्यास उपाध्याय, निडर जौनपुरी, रास बिहारी पांडेय, राजेश दुबे अल्हड़ असरदार,अनिल गौड़, जवाहरलाल निर्झर, दिनेश मिश्र बैसवारी, रामप्यारे रघुवंशी, विवेक सिंह,कल्पेश यादव, डॉ. दिनेश कुमार वर्मा ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुरेश मिश्र की अवधी कविता 'हे पांड़े बाबा काउ कही ई कवन जमाना आवत बा' सुनकर श्रोता लोटपोट हो गए। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता आर.यू. सिंह, समरस फाउंडेशन के प्रमुख डॉ किशोर सिंह, लालचंद तिवारी, डॉ अमरेश सिंह,फुल्लर राम यादव, भाजपा नेता ब्रिजेश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संस्था के प्रमुख कवि राम सिंह ने मेहमानों का स्वागत किया और अंत में आभार व्यक्त किया। सम्मान समारोह को सफल बनाने में आर.के. सर, ललित पाल,नीलम प्रकाशन के दिनेश कुमार वर्मा, देवीलाल जैन, हरिश्चंद्र सिंह और अनिल तिवारी ने अथक प्रयास किया।